卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐जय माता दी卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्।
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये।
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 210 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦11 मई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

### जेल से बाहर आकर गरजे दिल्ली के सीएम

## देश के सभी नेताओं को खत्म करना चाहते हैं मोदी: केजरीवाल



नई दिल्ली (उद ब्यूरो)।दिल्ली शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने के बाद अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर पूजा अर्चना की और हनुमानजी के आगे माथा टेका। यहां से निकलकर वह नजदीकी शनि मंदिर और नवग्रह मंदिर भी पहुंचे। इसके बाद केजरीवाल आम आदमी पार्टी के मुख्यालय पहुंचे। इस अवसर पर केजरीवाल ने कहा कि 75 साल में इस तरह किसी भी पार्टी के नेताओं को प्रताड़ित नहीं किया गया, जितना आप को किया गया। पीएम मोदी कहते हैं कि हम भ्रष्टाचार से लड़ रहा हैं, उन्होंने अपनी पार्टी में भ्रष्टाचारियों को शामिल कर लिया है। किसी को डिप्टी सीएन बना देते हैं और मंत्री बना देते हैं। उन्होंने कहा कि अगर भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ना है तो हमसे सीखें। पंजाब के अंदर हमारे मंत्री ने पैसे मांगे, किसी को नहीं पता था। लेकिन हमने (शेष पृष्ठ सात पर)

## सिरफिरे ने परिवार के पांच लोगों की हत्या के बाद खुद को भी गोली से उड़ाया

सीतापुर (उद संवाददाता)। यूपी के सीतापुर जिले में एक सिरफिरे ने अपने ही परिवार के पांच लोगों की हत्या कर दी। उसके बाद खुद भी गोली मारकर जान दे



दी। मृतक के भाई ने खुद को कमरे में बंद कर जान बचाई। जानकारी के अनुसार, रामपुर मथुरा थाना इलाके के पल्हापुर गांव के रहने वाले 45 वर्षीय अनुराग सिंह ने शनिवार रात ढाई से तीन बजे अपनी 62 वर्षीय मां सावित्री (शेष पृष्ठ सात पर)

## निकाय चुनाव में लहराएगा भाजपा का परचम: भट्ट

रामनगर(उद संवाददाता)।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट के रामनगर पहुंचने पर रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट एवं भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी सहित कई कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि उत्तराखंड में पिछले निकाय चुनाव में भाजपा कुछ ही जगहो पर जीत दर्ज कर पाई थी उन्होंने कहा कि इस बार प्रदेश में होने वाले निकाय चुनाव को लेकर जहां एक और भाजपा पूरी तरह तैयार है। उन्होंने दावा किया कि इस बार उत्तराखंड में सभी सीटों पर भाजपा प्रत्याशी ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि आरक्षण तय होने के बाद प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी । कहा कि नगर पालिका स्थित वार्डों में भी पार्टी सिंबल पर कार्यकर्ताओं को चुनाव लड़ाया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि रामनगर में कार्यकर्ताओं द्वारा शिकायत की गई है कि निकाय चुनाव में मतदाता सूची में कुछ लोगों द्वारा ग्रामीण एवं नगर क्षेत्र के साथ ही बाहरी राज्यों में भी मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराया गया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए निर्वाचन आयोग से शिकायत की गई है कि एक व्यक्ति का एक ही स्थान पर मतदाता सूची में नाम दर्ज किया जाए यदि (शेष पृष्ठ 7 पर)



## जनता ने परिवर्तन के लिए किया मतदान: रावत

### पूर्व मुख्यमंत्री ने किया पांचों सीट पर कांग्रेस की जीत का दावा



हल्द्वानी (उद संवाददाता)।पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत शनिवार को लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की बड़ी जीत का दावा किया। उन्होनें कहा कि लोग इस बार परिवर्तन के लिए वोट कर रहे हैं। लोगों ने इस चुनाव में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और समाज में फैलती असहिष्णुता को लेकर वोट किया है। उन्होंने कहा कि देश मे विकास ठप है और उत्तराखंड में भी कांग्रेस सभी पांच सीटें जीत रही है। चार धाम यात्रा को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि हमारा पूरा सहयोग सरकार के साथ है लेकिन मैं बहुत चिंतित हूं कि जिस तरह पिछली बार चार धाम यात्रा में अव्यवस्थाएं हुई और इस बार वह व्यवस्थाएं और ज्यादा चिंताजनक हो सकती हैं क्योंकि सरकार के पास कोई रणनीति नहीं है क्योंकि जिस समय चार धाम यात्रा को लेकर प्लान तैयार करना था उस समय पूरी सरकार देश में चुनाव प्रचार में मस्त थी, मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री खुद प्रदेश से गायब थे इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि चार धाम यात्रा की सरकार ने क्या तैयारी की होगी। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार हर मोर्चे पर फेल साबित हो रही है।

## टैंपो की टक्कर से छह साल के मासूम की मौत

हल्द्वानी। विवाह समारोह में शामिल होने जा रहे परिवार की खुशियां उस समय मातम में बदल गई जब एक ऑटो चालक ने बच्ची को टक्कर मार दी। हादसे में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक बची के पिता ने आरोपी टैंपो चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। निर्मला स्कूल के पीछे कैनाल रोड निवासी उमेश सिंह मेहरा पुत्र स्व. प्रेम सिंह ने पुलस को दी तहरीर में कहा है कि 7 मई को अपने परिवार व अन्य रिश्तेदारों के साथ विवाह समारोह में शामिल होने के लिए रॉयल बैंकेट हॉल जा रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक टैंपो ने उसकी 6 वर्षीय पुत्री चित्रांशी को टक्कर (शेष पृष्ठ सात पर)

**आवश्यकता है**

रूद्रपुर में एक संस्थान पर काम करने के लिए युवकों की आवश्यकता है। खुद की साईकिल होना अनिवार्य है।
**-सम्पर्क करें-**
**मो. 9897427586**

## केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर मनाई खुशियां

रूद्रपुर/गदरपुर (उद संवाददाता)। सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रचार के लिए अंतरिम जमानत देने पर हर्ष व्यक्त करते हुए आज आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एसएस कलेर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने डीडी चौक पर मिष्ठान व्यक्त किया। कलेर ने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल को एक षडयंत्र के तहत लोकसभा चुनाव के दौरान गिरफ्तार किया गया है। जिससे साफ जाहिर होता है कि भाजपा आप के बढ़ते जनाधार से घबरा चुकी है। लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद भाजपा का सत्ता से सफाया हो जायेगा। इस दौरान कमल श्रीवास्तव, कुलवंत सिंह, जनार्दन सिंह, जसपाल सिंह, सुभाष व्यापारी, सीपी अधिकारी, जावेद मलिक, हरपाल सिंह, सुरेन्द्र गाबा, सोनू गुप्ता, संजय भारद्वाज, जिशान, नासिर, धर्मेंद्र, कपिल सिन्हा, मनोज शाही, सुखदेव सिंह चीमा, अर्जुन सिंह, मंजीत सिंह, माजिद अली, शकील अहमद, शाकिर, मोहित, सुभाष मांझी, जहूर व (शेष पृष्ठ सात पर)





## यमुनोत्री आए दो श्रद्धालुओं की हार्ट अटैक से मौत

उत्तरकाशी। चारधाम यात्रा के पहले प्रमुख तीर्थ धाम यमुनोत्री यात्रा पर आए पहले दिन ही दो श्रद्धालुओं की हार्ट अटैक आने से मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की शाम को अलग अलग स्थानों पर हार्ट अटैक से श्रद्धालुओं की मौत हो गई।मध्यप्रदेश के सागर जिले के रामगोपाल (71) और उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले की विमला देवी (69 ) की मौत हुई है। एसएचओ संतोष सिंह कुंवर ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि पंचनामा की कार्रवाई की जा रही है।

## प्रिया ने नीरज के दबाव में लगााई थी फांसी

### परिजनों ने युवक के खिलाफ लिखाई रिपोर्ट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। करीब एक सप्ताह पूर्व ट्रांजिट कैम्प की राजा कालोनी में एक युवती द्वारा किराये के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने के मामले में मृतका के परिजनों ने रपट दर्ज करा दी है। जिसमें उन्होंने पुत्री फांसी लगाने के पीछे नीरज नाम के युवक पर आरोप लगाया है। दर्ज रपट में मृतका के पिता गोपाल राम पुत्र दिवान राम निवासी ग्राम निगुणता पोस्ट भगजता जिला अल्मोडा का कहना है कि उसकी पुत्री प्रिया आर्या सिडकुल की कम्पनी मे काम करती थी तथा साथ -साथ लॉ की पढाई के लिये तैयारी भी कर रही थी। जो राजा कालोनी ट्रांजिट कैम्प मे किराये के मकान मे रह रही थी। उनका कहना है कि उनकी लडकी जब पिछले हफ्ते घर अल्मोडा आयी तो काफी परेशान थी जो हमसे रुपये मांग रही थी। जब हमने अपनी पुत्री से परेशानी के (शेष पृष्ठ सात पर)

## 401 कमल के फूलों की माला से धामी का किया स्वागत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का उत्तर प्रदेश के सीतापुर पहुंचने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं उधम सिंह नगर जिला पंचायत अध्यक्ष के पति सुरेश गंगवार द्वारा 401 कमल के फूलों से बनी माला भेट करते हुए जोरदार स्वागत किया गया। श्री धामी यूपी की लोकसभा सीटों पर चुनाव प्रचार के लिए भाजपा के स्टार प्रचारक के रूप में पहुंच रहे हैं। श्री धामी के उत्तराखंड ही नहीं बल्कि पूरे भारत में प्रशंसक हैं। श्री धामी ने मध्य प्रदेश और राजस्थान विधानसभा चुनाव में भी भाजपा के स्टार प्रचारक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। दोनों ही प्रदेशों में भाजपा की प्रचंड बहुमत से सरकार बनी थी। उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद श्री धामी उत्तर प्रदेश सहित कई राज्य में भाजपा के स्टार प्रचारक के रूप में जनता को रिझाने मे जुटे हुए हैं। इसी क्रम में गत दिवस उत्तर प्रदेश के सीतापुर में चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे श्री धामी को भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं उधम सिंह नगर जिला पंचायत अध्यक्ष के पति सुरेश गंगवार द्वारा अपने ही फार्म हाउस मे लगे कमल के फूलों से निर्मित माला भेंट करते हुए उनका जोरदार स्वागत किया गया। श्री धामी को भेंट की गई माला में 401 कमल के फूल पिरोये हुए थे। इस मौके पर धोरहरा से भाजपा प्रत्याशी रेखा वर्मा काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद थे।





# गौलापार शिफ्ट नहीं होगा हाईकोर्ट, एक महीने में बतायें उचित स्थान

## नैनीताल हाईकोर्ट की शिफ्टिंग को लेकर आया बड़ा फैसला: नये हाईकोर्ट परिसर के लिए पचास जजों के कोर्ट और आवास सहित 7000 अधिवक्ता चौंबर्स और चिकित्सा व अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध हो सकें

नैनीताल (उद संवाददाता)। हाईकोर्ट ने जनहित को आधार मानकर नैनीताल से हाईकोर्ट को शिफ्ट करना जरूरी बताया है। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने आदेश जारी कर गौलापार में हाईकोर्ट की शिफ्टिंग को खारिज किया है। आदेश में यह कहा गया है कि हाईकोर्ट के लिए चयनित गौलापार की में 75 फीसदी वन भूमि है और घना जंगल है। वहां पेड़ काटने के बाद हाई कोर्ट की स्थापना उचित नहीं है। शुक्रवार को मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति ऋतु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य के मुख्य सचिव से एक माह के भीतर हाई कोर्ट के लिए उचित स्थान बताने को कहा है। साथ ही हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को एक पोर्टल बनाने के निर्देश दिए हैं, जिसमें अधिवक्ताओं व जनसामान्य के सुझाव लिए जाएं कि वह नैनीताल से हाई कोर्ट शिफ्ट करने के पक्ष में हैं या नहीं। आदेश में यह कहा गया है कि हाईकोर्ट के लिए चयनित गौलापार की में 75 फीसदी वन भूमि है और घना जंगल है। वहां पेड़ काटने के बाद हाई कोर्ट की स्थापना उचित नहीं है। हाई कोर्ट भी इसके पक्ष में नहीं है। हाई कोर्ट ने कहा है कि नैनीताल में वादकारियों और युवा अधिवक्ताओं को होने वाली कठिनाइयों, चिकित्सा सुविधाओं और कनेक्टिविटी की कमी के अलावा कोर्ट में 75 प्रतिशत से अधिक मामलों में राज्य सरकार के पक्षकार होने और अधिकारियों, कर्मचारियों के नैनीताल हाई कोर्ट आने में टीए व डीए में होने वाले खर्च को देखते हुए हाई कोर्ट को नैनीताल से स्थानांतरित करना आवश्यक है। इस मामले में अधिवक्ताओं सहित वादकारियों से राय मांगी गई। राय देने के लिए एक पोर्टल बनाया जाएगा। वहीं अखबारों में विज्ञापन देकर भी इनसे राय मांगी जाएगी। शहर और स्थान के चयन को समिति गठित की गई। कोई ऐसा स्थान सुझाने को कहा जहां पचास जजों के कोर्ट और आवास सहित 7000 अधिवक्ता चौंबर्स और चिकित्सा व अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध हो सकें। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने व्यापक जनहित को आधार मानकर नैनीताल से हाईकोर्ट को शिफ्ट किया जाना आवश्यक बताया है। कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव से एक माह के भीतर हाईकोर्ट के लिये उचित स्थान बताने को कहा है। साथ ही रजिस्ट्रार जनरल हाइकोर्ट को निर्देश निर्देश दिए हैं कि वे एक पोर्टल बनाएं जिसमें अधिवक्ताओं व जनसामान्य के सुझाव लिए जाएं कि वे नैनीताल से हाईकोर्ट शिफ्ट करने के पक्ष में हैं या नहीं। मुख्य न्यायाधीश रितू बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ में 8 मई को आईडीपीएल ऋषिकेश से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान मुख्य सचिव, उत्तराखंड राधा रतूड़ी व मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव आर के सुधांशु वीसी के माध्यम से कोर्ट में उपस्थित हुए थे। जिन्हें हाईकोर्ट ने नैनीताल से कोर्ट शिफ्ट करने की सूचना दी थी और उसी दिन दोपहर बाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन व अधिवक्ताओं का पक्ष भी सुना गया। उपरोक्त तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए हाईकोर्ट को नैनीताल से स्थानांतरित करने के मुद्दे को शीघ्र निपटाने के लिए हाईकोर्ट ने एक प्रक्रिया तैयार की है। हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव, उत्तराखंड सरकार को उच्च न्यायालय की स्थापना, न्यायाधीशों, न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए आवासीय आवास, कोर्ट रूम, कॉन्फ्रेंस हॉल, कम से कम सात हजार वकीलों के लिए चौंबर, कैंटीन, पार्किंग स्थल के लिए सबसे उपयुक्त भूमि का पता लगाने का निर्देश दिया गया है। जहां अच्छी चिकित्सा सुविधाएं और अच्छी कनेक्टिविटी हो। यह पूरी प्रक्रिया मुख्य सचिव द्वारा एक माह के भीतर पूरी की जाएगी और मुख्य सचिव 7 जून 2024 तक अपनी रिपोर्ट हाईकोर्ट में सौंपेंगे।



# कुमाऊं मंडल के वरिष्ठ अधिवक्तओं ने किया शिफ्टिंग का विरोध, विस्थापन न्यायसंगत नहीं

नैनीतल। उत्तराखंड में हाईकोर्ट की शिफ्टिंग का मामला पेचिदा होता जा रहा है। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के आह्वान पर शुक्रवार को आहूत की गई बैठक में अधिवक्ताओं ने हाईकोर्ट की बेंच की शिफ्टिंग की पहल का विरोध किया है। तय किया गया कि सोमवार को बार सभागार में एक और बैठक की जाएगी। जिसके बाद रिजाल्यूशन को मुख्य न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। हाईकोर्ट बार सभागार में हुई बैठक में बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता डीके शर्मा ने कहा कि हाईकोर्ट यहीं रहनी चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता केएस रौतेला ने सवाल किया कि क्या किसी न्यायालय के पास ये अधिकार हैं? हाईकोर्ट स्थापना के लिए राज्य, केंद्र समेत विभिन्न स्तर पर सहमति, अनुमोदन की लंबी प्रक्रिया होती है। इस प्रक्रिया से बनी हाईकोर्ट में अब तक अरबों रुपये खर्च किए जा चुके हैं। अब विस्थापन स्वयं ही सवालिया निशान है। अनुराग बिसारिया ने कहा कि सभी हाईकोर्ट डिविजन को लेकर अपनी राय दर्ज कराएं। इसमें कांफिडेंसियल वोटिंग भी हो सकती है। बहुमत की राय सभी को स्वीकार होगी। हाईकोर्ट बार के पूर्व महासचिव रहे जयवर्धन कांडपाल ने



कहा कि लंबे संघर्ष के बाद बीस वर्षो बाद हम अधिवक्ताओं को चैंबर मिले हैं, चाबी मिलने से पूर्व अब कोर्ट शिफ्टिंग की बात हो रही है। दीप जोशी ने कहा कि हमें मिलकर हाईकोर्ट बेंच अन्यत्र भेजे जाने के नाम पर अधिवक्ताओं में फूट डालने की पहल को नाकाम करना होगा। संजय भट्ट ने कहा कि उत्तराखंड राज्य हमें आंदोलन व शहादत के बाद मिला। जन भावनाओं के अनुरूप देहरादून में अस्थाई राजधानी बनी जबकि नैनीताल में स्थाई हाईकोर्ट। पहाड़ी राज्य की कल्पना के अनुरूप हाईकोर्ट को यहीं रहना चाहिए।एच रावल ने कहा कि जब से हाईकोर्ट की स्थापना हुई है इसे अन्यत्र ले जाने की बात की जा रही है। करन आनंद ने कहा कि इस मुद्दे पर सभी को यूनिटी के साथ पक्ष रखना होगा। जगदीश बिष्ट ने कहा कि पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट 1966 में बनी आज तक वहां एक ही बेंच है। उत्तराखंड में 2020 में बना और दो दशक में इसे अन्यत्र ले जाने की बात की जा रही है, जो कतई न्यायसंगत नहीं है। अध्यक्ष डीसीएस रावत ने अधिवक्ताओं का आह्वान किया कि वह सोमवार की मीटिंग में तथ्यों के अनुरूप अपना पक्ष रखे और सुझाव दें। संचालन महासचिव सौरभ अधिकारी ने किया। अध्यक्ष हाईकोर्ट बार एसोसिएशन दिनेश चंद्र सिंह रावत ने कहा कि हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से बीते दो दिनों से की जा रही बैठक सफल रही है। वरिष्ठ अधिवक्ताओं समेत युवा अधिवक्ताओं की ओर से राय के साथ ही बेहतर सुझाव भी आए हैं। सोमवार को तथ्यों के अनुरूप अधिवक्ता अपना पक्ष रखेंगे। अंतिम रायशुमारी के बाद बार मंगलवार को हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष अपना लिखित पक्ष रखेगी। महासचिव हाईकोर्ट बार एसोसिएशन सौरभ अधिकारी के अनुसार पहाड़ी राज्य की अवधारणा के अनुरूप प्रदेश के नैनीताल में हाईकोर्ट बनी। बीते वर्षों में कोर्ट कार्य में कई प्रकार की दिक्कतें रहीं। बार और बेंच के प्रयासों से इन समस्याओं का प्राथमिकता के क्रम में निस्तारण किया गया। 24 वर्ष बाद अब हम स्थायित्व के करीब पहुंचे हैं। अब इसे अस्थिर करने की बात कही जा रही है। वरिष्ठ व युवा सभी अधिवक्ताओं की रायशुमारी के बाद अग्रिम कदम उठाया जाएगा।

# आम लोगों से मांगी जाएगी राय, 14 मई तक पोर्टल खोलने के दिए निर्देश

नैनीताल। हाईकोर्ट की शिफ्टिंग के लिए चीफ जस्टिस ऋतु बाहरी की खंडपीट ने कहा है कि प्रैक्टिस करने वाले वकीलों की राय भी बहुत आवश्यक है। इसलिए हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को 14 मई 2024 तक एक पोर्टल खोलने का निर्देश दिया गया है। इस पोर्टल में अधिवक्ता यदि उच्च न्यायालय के स्थानांतरण के लिए इच्छुक हैं तो हां, चुनकर अपनी पसंद देने के लिए स्वतंत्र हैं। यदि वे रुचि नहीं रखते हैं तो अपनी नामांकन संख्या, तिथि और हस्ताक्षर दर्शाकर नहीं लिखेंगे। इसी तरह वादकारी भी इस पोर्टल में अपनी राय दे सकते हैं, जो 31 मई तक दी जानी आवश्यक है। हाईकोर्ट ने रजिस्ट्रार जनरल इस आशय की सूचना को गढ़वाल और कुमाऊं क्षेत्रों सहित उत्तराखंड राज्य के पूरे क्षेत्र में व्यापक प्रसार वाले स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित करने के भी निर्देश दिए हैं। इस मामले में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन से भी जगह चिंहित करने को कहा गया है। हाईकोर्ट ने रजिस्ट्रार जनरल की अध्यक्षता में एक समिति का भी गठन किया है जिसमें प्रमुख सचिव, विधायी और संसदीय कार्य, प्रमुख सचिव, गृह, दो वरिष्ठ अधिवक्ता, उत्तराखंड राज्य बार काउंसिल द्वारा नामित एक सदस्य, बार काउंसिल ऑफ इंडिया से अध्यक्ष और एक अन्य इसके सदस्य होंगे। यह समिति संबंधित पक्षों की राय लेने के बाद 7 जून 2024 तक सीलबंद रिपोर्ट हाईकोर्ट को सौंपेगी। इसके बाद हाईकोर्ट की स्थापना के लिए उपयुक्त भूमि के बारे में सरकार की सिफारिश और विकल्पों के परिणाम को मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखा जाएगा। इस मामले में कोर्ट में अगली सुनवाई के लिए 25 जून की तिथि नियत की है। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के आह्वान पर शुक्रवार को आहूत की गई बैठक में अधिवक्ताओं ने हाईकोर्ट की बेंच की शिफ्टिंग की पहल का विरोध किया है। तय किया गया कि सोमवार को बार सभागार में एक और बैठक की जाएगी। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने व्यापक जनहित को आधार मानकर नैनीताल से हाईकोर्ट को शिफ्ट किया जाना आवश्यक बताया है। गौरतलब है कि उत्तराखंड हाईकोर्ट की एक बेंच आईडीपीएल ऋषिकेश भेजने के मौखिक आदेश देने के अगले दिन बृहस्पतिवार को कुमाऊंभर के अधिवक्ता भड़क गए। अधिवक्ताओं ने हाईकोर्ट बेंच शिफ्टिंग का अलग-अलग तरीके से विरोध जताया। बृहस्पतिवार को सीएम पुष्कर सिंह धामी हल्द्वानी पहुंचे। यहां बार एसोसिएशन अध्यक्ष किशोर पंत के नेतृत्व में बार पदाधिकारी सीएम से मिले। उन्होंने सीएम से कहा कि उत्तराखंड छोटा राज्य है, यहां हाईकोर्ट की दो बेंच बैठाने का कोई औचित्य नहीं है। वहीं दूसरी तरफ उत्तराखंड के विभिन्न जनपदों के बार एसोसिएशन भी हाईकोर्ट की शिफ्टिंग को लेकर जंहा अलग अलग विकल्प प्रस्तुत कर रहे हैं जबकि कुमांऊ मंडल के अधिवक्ताओं के कई वर्ग भी नैनीताल हाईकोर्ट को हटाने के विरोध में एकजुट हो रहे है। जबकि कई अधिवक्ता ऊधमसिंहनगर जनपद में भी सुविधापूर्ण स्थान बता रहे है।

# जनमत जुटाने में जुटी देहरादून बार एसोसिएशन

देहरादून। हाई कोर्ट की ओर से पारित आदेश में कहा गया है कि हाई कोर्ट शिफ्टिंग मामले को लेकर तैयार होने वाले पार्टल से होने वाले जनमत में अधिवक्ताओं के लिए बार काउंसिल की पंजीकरण संख्या जबकि आम आदमी के लिए आधार कार्ड संख्या लिखनी होगी। 14 मई को इसको लेकर हिन्दी-अंग्रेजी के समाचार पत्रों में रजिस्ट्रार जनरल की ओर से आधिकारिक वेबसाइट का विज्ञापन जारी किया जाएगा। सात जून तक रिपोर्ट सील कवर में हाई कोर्ट की चीफ जस्टिस को सौंपनी होगी। यदि अधिवक्ता इस कदम का समर्थन करते हैं तो "हां" चुनकर या यदि वे इसका विरोध करते हैं तो "नहीं" चुनकर अपनी प्राथमिकता बता सकते हैं। इसी प्रकार, वादकारी अपना आधार कार्ड नंबर प्रदान करके अपना वोट डाल सकते हैं। बार एसोसिएशन देहरादून सहित गढ़वाल क्षेत्र की बार एसोसिएशन के पदाधिकारी व बार कॉउंसिल के 13 सदस्य हाईकोर्ट को ऋषिकेश के आइडीपीएल में शिफ्ट करने की सहमति जता चुके हैं। शुक्रवार को गढ़वाल मंडल की तमाम बार एसोसिएशन के पदाधिकारी व बार काउंसिल के सदस्य देहरादून में जुटे और जनमत तैयार करने की योजना बनाई। इस दौरान निर्णय लिया गया कि हर बार एसोसिएशन के पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के विधायक व सांसद से मिलेंगे और आइडीपीएल में हाईकोर्ट शिफ्ट करने के लिए जनमत पत्र तैयार करवाएंगे। बार एसोसिएशन देहरादून के अध्यक्ष राजीव





शर्मा ने कहा कि 45 साल की लड़ाई के बाद आज हम इस मुकाम तक पहुंचे हैं। आज कर्ज चुकाने का समय आ गया है, बड़ी संख्या में जनमत जुटाकर हाईकोर्ट आइडीपीएल लेकर आएंगे। उत्तराखंड में हाईकोर्ट को नैनीताल से शिफ्ट करने की मांग की जा रही है। इसको लेकर कोर्ट को हल्द्वानी के गोलापार में शिफ्ट करने की बात भी हुई। लेकिन हाल फिलहाल में वन विभाग की अड़चनों के चलते मामला खटाई में पड़ गया। लेकिन इसी बीच हाईकोर्ट नैनीताल के मुख्य न्यायाधीश ने इस बात को लेकर कहा कि हल्द्वानी में कोर्ट का बनना अगर मुश्किल है तो इसके लिए देहरादून में ऋषिकेश की आईडीपीएल से बेहतर स्थान नहीं हो सकता अत: इसको वहीं शिफ्ट करना ही बेहतर विकल्प होगा। इस बात को लेकर बृहस्पतिवार को लेकर देहरादून बार एसोसिएशन ने भी स्वीकार किया कि वास्तव में एक बेंच को शिफ्ट करने करने इससे बेहतर विकल्प कोई हो ही नहीं सकता। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव शर्मा बंटू ने पत्रकार वार्ता में बताया कि नैनीताल में बैठे हुए वकीलों का हित तो इसमें हो सकता है लेकिन पूरे उत्तराखंड के लोगो के लिए आईडीपीएल ही सही विकल्प हो सकता है। उन्होंने कहा कि न तो ये आम आदमी से बहुत दूर हैं और न ही दून और ऋषिकेश के होटल नैनीताल जितने महंगे है और न ही यहां पार्किग की दिक्कत होगी। भविष्य में हाईकोर्ट का सारा सिस्टम बढ़ना ही है। इसीलिए आने वाले समय के हिसाब से ही हाईकोर्ट को बनाना पड़ेगा। जिसके लिए यहां किसी चीज की कमी नहीं होगी। इस बात को बल देने की लिए आम सहमति बनानी जरूरी है। हालांकि हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने ये भी कहा हे कि इस बात के लिए जनमत तैयार किया जाए और ये देखा जाए कि आईडीपीएल के अलावा और किस जगह पर इसको बनाया जा सकता है। जिसके लिए देहरादून बार एसोसिएशन पहल करने जा रहा है।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# सितारगंज निवासी शमशुल हक व अन्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। करीब चार माह पूर्व सितारगंज हाई वे मोड के पास दो कारों के मध्य हुई टक्कर के बाद एक कार में सवार कुछ लोगों द्वारा जातिसूचक शब्दों का उपयोग कर दूसरे कार चालक से मारपीट कर तमंचा तान जान से मारने की धमकी दिए जाने के मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद विशेष सत्र न्यायधीश प्रेम सिंह खिमाल ने आरोपी शमशुल हक व उसके साथियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं। जिस पर अमल करते हुए पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। याचिका कर्ता की तरफ से अधिवक्ता एडी मैसी ने पैरवी की। जिन्होंने बताया कि पंकज कुमार द्वारा न्यायालय में अन्तर्गत धारा 156 (3) दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 विपक्षी शमशुल हक एवं अन्य के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराये नजाने हेतु थाना सितारगंज को आदेशित करने के आशय से प्रार्थना पत्र पेश किया गया था। जिसमें पंकज का कहना था कि वह हरिजन जाति का सदस्य है। 2 जनवरी 2024 को समय करीब12 बजे वह अपने घर से कार संख्या यूके 06 बीएफ 5400 से अपने कार्यालय पीएस ट्रांसपोर्ट सितारगंज जा रहा था। इस दौरान उसकी कार सितारगंज हाईवे के मोड़ के समीप सामने से आ रही मोटर गाड़ी संख्या यूके 06 बीबी 3543 से लग गई। उसके बाद गाड़ी में सवार ड्राईवर एवं अन्य तीन व्यक्ति गाड़ी से उतर कर उसको बगैर वजह घेर के खड़े हो गये। तभी जिनमें से एक व्यक्ति शमशुल हक जो कि उच्च जाति का व्यक्ति है तथा उसने यह जताते हुए कि वह उच्च जाति का व्यक्ति है उसे व उसके परिवार को गालियां दी एवं जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए बोला कि तुम्हारी औकात क्या है, तुझसे अपने पांव के तलवे न चटवा दिये तो कहना कहते हुए उसे गालियां देने लगा और बुरी तरह लात घूसों से मारने पीटने लगे। तब वहां खड़े दो लोगों द्वारा उक्त लोगों से बचाया गया। उसकी गाड़ी को भी शमशुल हक व अन्य व्यक्तियों द्वारा एक साइड से पूर्णतः क्षतिग्रस्त कर दिया। इसका विरोध करने पर शमशुल हक व अन्य लोगों द्वारा तमंचा से जान से मारने की नियत से तान दिया और कहने लगा आज तेरा खेल खत्म कर देता हूं। भीड़ इकट्ठा होते देख शमशुल हक एवं उसके साथी उसको जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गये। पंकज का आरोप है कि 2 जनवरी को थाना सितारगंज में उक्त घटना की तहरीर देने गया तो थानाध्यक्ष सितारगंज द्वारा तहरीर नहीं ली गई और न ही विपक्षीगण के खिलाफ कोई कानूनी कार्यवाही की। इसके उपरान्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को घटना के सम्बन्ध में एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया। जिस पर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। अधिवक्ता एडी मैसी ने बताया कि पंकज कुमार द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र न्यायालय द्वारा अन्तर्गत 156(3) दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 स्वीकार कर पुलिस थाना सितारगंज के भारसाधक अधिकारी को आदेशित किया है कि वह विधिनुसार आरोपी शमशुल हक व अन्य मुकदमा के विरुद्ध पंजीकृत करके मामले की विवेचना कराया जाना सुनिश्चित करे तथा प्रगति आख्या इस न्यायालय को भी प्रेषित करें। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने शमशुल हक एवं एक अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# विवाहिता से दुष्कर्म करने के आरोपी को किया गिरफ्तार

गदरपुर( उद संवाददाता)। प्रेम प्रसंग में एक विवाहिता के साथ दुष्कर्म किए जाने के मामले में पुलिस द्वारा एक युवक को गिरफ्तार कर लिया भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नजदीकी ग्राम में रहने वाली विवाहित ने पुलिस को तहरीर सौंप कर बताया कि कुछ समय पूर्व उसका ग्राम मोतीपुर निवासी चमन दीप के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। गत फरवरी माह में वह उसे झांसा देकर गूलरभोज डैम पर ले गया, वहां आरोपी ने डरा धमकाकर उससे दुष्कर्म किया तहरीर में बताया गया कि डर के मारे पीड़िता पहले तो चुप रही परंतु आरोपी के बार-बार प्रताड़ित किए जाने से खफा होकर उसने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की मामले की जांच के बाद आरोपी चमन दीप के खिलाफ केस दर्ज किया गया। केस की विवेचक भूमिका पांडे ने आरोपी चमन दीप को उसके घर से गिरफ्तार किया। न्यायालय के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया

आवश्यकता है
सिडकुल स्थित फैक्ट्री के लिए 8वीं/10वीं पास युवकों की। वेतन योग्यतानुसार
-सम्पर्क करें-
परफैक्ट सेल्स कार्पोरेशन प्लाट नं. 12, सेक्टर IIDC सिडकुल, रूद्रपुर, मो. 9654467133

# डीएम ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने शनिवार को स्ट्रांग रूम बगवाड़ा मंडी का निरीक्षण किया व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम सहित पूरे परिसर निरीक्षण किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम परिसर में तैनात सुरक्षा कर्मिकों को 24 घंटे सजग रहने के साथ बिना अनुमति के किसी भी व्यक्ति को स्ट्रांग रूम परिसर में प्रवेश न करने के निर्देश दिये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम पर 24 घंटे पैनी नजर रखने हेतु लगाये गये सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान



उन्होंने सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम में तैनात अधिकारियों को सीसीटीवी पर नजर बनाये रखते हुये उसके स्टोरेज व पॉवर बैकप पर भी ध्यान देने के निर्देश दिये। उन्होने कहा ड्यूटी पर तैनात अधिकारी बिना प्रतिस्थानी के कन्ट्रोल रूम कतई नही छोडेगें। निरीक्षण के दौरान सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मनीष बिस्ट भी मौजूद थे।

# आरएएन में आयोजित हुई एनीसी कैडेट चयन प्रक्रिया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।एनसीसी यूके और एसक्यूएन पंतनगर ने सब यूनिट आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल में नए कैडेट के चयन के लिए दौरा किया। छात्रों का चयन शारीरिक फिटनेस टेस्ट, लिखित परीक्षा एवं मौखिक साक्षात्कार द्वारा किया गया। एनसीसी के अधिकारियों ने चयन प्रक्रिया को निर्देशित किया तथा अंतिम चयन का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यालय संस्थापक विंग कमांडर एच. के. राय तथा प्रबंधक मोहित राय उपस्थित रहे। प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट जी ने चयनित छात्रों एवं उनके माता-पिता को हार्दिक बधाई दी। प्रबंधक श्रीमान मोहित राय ने भी सभी को बधाई देते हुए कैडेट्स को आगे बढ़ते रहने के लिए एवं अपने देश के लिए कुछ कर गुजरने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आए हुए एनसीसी के अधिकारियों को भी आभार व्यक्त किया।



# त्रिपाठी ने किया सहकारी समितियों का निरीक्षण

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। सहकारी समितियां को आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए अन्य वैकल्पिक व्यवस्थाओं के लिए ध्यान केंद्रित करना जरूरी है। यह बात शुक्रवार को खाद बिक्री केंद्र के निरीक्षण के लिए रुद्रपुर पहुंचे संयुक्त निबंधक एमपी त्रिपाठी ने कही। प्रदेश में सहकारी समितियां के माध्यम से जैविक उर्वरक एवं रासायनिक उत्पादों की बिक्री कर रहे खाद बिक्री केंन्द्र की वस्तुस्थिति का निरीक्षण कर सही जांच रिपोर्ट निबंधक को उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश और मंडल स्तर के अधिकारियों को जिम्मा सोपा गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को मुख्यालय के संयुक्त निबंधक एमपी त्रिपाठी ने रूद्रपुर, सितारगंज और खटीमा की सहकारी समितियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त निबंधक एमपी त्रिपाठी ने विभागीय अधिकारियों और समिति कर्मचारियों को समिति की आय बढ़ाने के लिए अन्य वैकल्पिक व्यवस्थाओं पर भी ध्यान केंद्रित करने के लिए जोर दिया। संयुक्त निबंधक त्रिपाठी ने कहा कि निबंधक की ओर से जारी आदेश के क्रम में खाद बिक्री केदो का निरीक्षण किया गया है। उन्होंने बताया कि लंबे समय से कुछ कंपनियों की जैविक उर्वरक एवं रासायनिक उत्पाद समितियो में पड़ी हुई है जोकि कालातीत हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि जिन कंपनियों की जैविक उर्वरक और रासायनिक उत्पाद बिक्री योग नहीं है उन कंपनियों को निष्पादन करने के लिए समितियां के कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। इस मौके पर जिला सहायक निबंधक सुमन कुमार,अपर जिला सहकारी अधिकारी विकास शर्मा,नवल शर्मा, सहायक विकास अधिकारी अपर्णा बल्दियाल, साकेत शाही,बृजेश कुमार,रमेश चंद जोशी रवि कुमार,पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।



# रुद्रपुर में द्वितीय बैसाख महोत्सव कल

## स्कूली बच्चों की क्विज प्रतियोगिता के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। पहल सेवा ट्रस्ट की ओर से द्वितीय बैसाख महोत्सव का आयोजन कल 12 मई को नैनीताल रोड स्थित मैट्रोपोलिस मॉल में किया जायेगा। इस अवसर पर स्कूली बच्चों की भारतीय संस्कृति पर आधारित क्विज प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। जानकारी देते हुए पहल सेवा ट्रस्ट रूद्रपुर के अध्यक्ष ललित शर्मा ने बताया कि भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परम्पराओं को कायम रखने के उद्देश्य से गत वर्ष की भांति इस इस वर्ष भी संस्था की ओर से बैसाख महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 12 मई को शाम चार बजे आयोजित किये जा रहे इस कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति पर आधारित रंगारंग कार्यक्रमों के साथ साथ स्कूली बच्चों की क्विज प्रतियोगिता भी होगी जिसमें भारतीय संस्कृति से जुड़े सवाल पूछे जायेंगे। विजेताओं को पुरस्कृत किया जायेगा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के लिए भी क्विज प्रतियोगिता होगी, सवालों के जवाब देने वालों को उपहार देकर सम्मानित किया जायेगा। श्री शर्मा ने बताया कि महोत्सव की मुख्य अतिथि उच्च न्यायालय की अपर महाधिवक्ता श्रीमती पुष्पा भट्ट होंगी। जबकि अति विशिष्ठ अतिथि के रूप में विधायक शिव अरोरा, किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला मौजूद रहेंगे। विशिष्ठ अतिथि के रूप में दूधिया बाबा आश्रम के महंत स्वामी शिवानंद जी महाराज, एसएसपी मंजूनाथ टिसी, वरिष्ठ समाजसेवी जसविंदर सिंह खरबंदा की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा करेंगे।



# राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर हुई चर्चा

रुद्रपुर( उद संवाददाता)।प्रभारी मुख्य शिक्षा अधिकारी ऊधमसिंहनगर डी०एस०राजपूत की अध्यक्षता में जनपद ऊधमसिंहनगर के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की समीक्षा बैठक जेसीज पब्लिक स्कूल में आहूत की गयी जिसमें शिक्षा विभाग के माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 6 से आगे के पाठ्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विशेष बिन्दु कोडिंग के सम्बन्ध में बैठक के मुख्य बिन्दुओं में था। जिसके सम्बन्ध में सी०ओ०ओ० राकेश सहगल जो कि एक निःशुल्क संस्था कोड योगी से हैं, के द्वारा कोंडिंग छात्र-छात्राओं के लिए क्यों आवश्यक है इस सम्बन्ध में विस्तार से अवगत कराया गया। राकेश सहगल ने बताया कि कोडिग की अधिकतम क्षमता 400 घंटे होती है। तत्पश्चात डी०एस०राजपूत द्वारा शिक्षा विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक में भी विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर जिला परियोजना निदेशक अजय सिंह तथा जनपद के समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं जनपद के सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य द्वारा बैठक में प्रतिभाग किया गया।

# खेडा सब्जी मंडी से बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात वाहन चोरों ने खेड़ा सब्जी मंडी में खड़ी मोटर साईकिल चोरी कर ली। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में विशाल पुत्र चन्द्रिका निवासी जेपी नगर, जनपद रोड़ फुलसुंगा ने कहा है कि 8 मई को रात्रि 7:30 बजे उसने अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06 बीए 3961को संजय नगर खेड़ा सब्जी मंडी में खड़ा कर लॉक लगा दिया था। लौटकर उसने पाया कि उसकी मोटर साईकिल मौजूदा स्थान पर नहीं थी। जोकि अज्ञात द्वारा चोरी कर ली गयी है।

# कार की टक्कर से टुकटुक चालक गंभीर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि झा कालेज के पास कार की टक्कर से टुकटुक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए निजी चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। सुमन पत्नी नरेन्द्र गंगवार निवासी प्रीत विहार कालोनी, गली नंबर 2 रूद्रपुर का कहना है कि 10 मई को रात्रि करीब 8 बजे उसके पति नरेन्द्र गंगवार अपने टुक टुक संख्या यूके 06ईआर 3135 से घर पर आ रहे थे। तभी झा कालेज प्रीत विहार मोड़ के पास पीछे से तेज रफतार से आ रही कार संख्या यूके18 एम 8282 के चालक ने टुकटुक को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। इस घटना से उसके पति गम्भीर रूप से घायल व बेहोश हो गए। टुक टुक रोड के किनारे बंद हो गया। पति टुकटुक के अन्दर फस गयें। लोगो ने उन्हें बडी मुश्किल से टुक टुक से बाहर निकाला और पास के निजी अस्पताल में भर्ती करवा दिया। जहाँ डाक्टर ने उनकी हालत काफी गम्भीर बतायी है। पति का एक हाथ व एक पैर फैक्चर हो गया सिर फट गया जिसमें टाके आये है। टुक टुक भी क्षतिग्रस्त हो गया है।



## सार्वजनिक सूचना


श्री मनोहर सिंह पुत्र स्व श्री सुरेन्द्र सिंह (कोड U0530), आप को निर्देशित किया जाता है कि प्रबंधन द्वारा प्रेषित द्वितीय/अन्तिम कारण बताओ नोटिस (जाँच आख्या सहित संग्लन) आप द्वारा प्रस्तुत लोकल पते **( सिंह कालोनी ,गली मकान नं.** 14 **गली नं.** 4 **रूद्रपुर )** पर भेजा गया था जो कारखाने को वापस प्राप्त हो गया है। अत: व्यक्तिगत रूप से सूचित किया जाता है कि द्वितीय/अन्तिम कारण बताओ नोटिस (जाँच आख्या सहित) प्राप्त करने हुते दिनांक 11. 05.2024 के साय 04:00 से दिनाकं 13.05.2024 के प्रात:11:00 बजे तक कारखाने के प्रवेश द्वार पर उपस्थित होकर द्वितीय/अन्तिम कारण बताओ नोटिस (जाँच आख्या सहित) प्राप्त करके अपना लिखित स्पष्टीकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें।

सूचना जानें
**कारखाना प्रबन्धक**
मै0 लुकास टीवीएस लिमिटेड,प्लॉट नं 55, सेक्टर 11

# 'कोक इंडिया' के स्टूडियो से 'कमला देवी' ने बिखेरा 'संगीत का जादू'

## नेहा ककड़ और सिंगर दिग्विजय के साथ गाये कुमाऊंनी संस्कृति से ओतप्रोत लोकगीत 'सोनचड़ी' ने मचाया धमाल
## बागेश्वर की लोक गायिका कमला देवी को 'कोक स्टूडियो भारत' ने दिया मौका, मुख्यमंत्री धामी ने भी दी बधाई

देहरादून/बागेश्वर(उद ब्यूरो)। उत्तराखंड की एक और सुप्रसिद्ध लोकगायिका श्रीमती कमला देवी का गीत इन दिनों खूब धमाल मचा रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कोक स्टूडियो भारत (Coke Studio India) के दूसरे सीजन में कमला देवी का गाना सोनचड़ी रिलीज हो



गया है। बता दें की इस गाने में उन्होंने नेहा ककड़ और दिग्विजय के साथ कोलैब किया हैं। सोनचड़ी गीत प्रचीन लोककथा राजुला मालुशाही पर आधारित प्रेम कहानी है। ये गाना कोक स्टूडियो ने आज जारी कर दिया है। ऐसे में इस गाने को उत्तराखंड के अलावा देश के कोने-कोने से भरपूर प्यार मिल रहा हैं। कुमाऊनी लोक गायिका कमला देवी, मशहूर बॉलीवुड सिंगर नेहा ककड़ और सिंगर दिग्विजय ने कुमांउनी गीत सोनचड़ी गाया है। बागेश्वर की रहने वाली कमला देवी ने राजुला मालुशाली गाना अपने पिता से सीखा था। तभी से कमला देवी ने पहाड़ की इस कहानी की धुन को अपने कंठ में संजो लिया। कमला देवी सिर्फ कुमाऊंनी संस्कृति से जुड़े लोक गीत गाती हैं। 15 साल की उम्र से ही कमला देवी कुमाऊंनी लोक संगीत की विधाओं में पारंगत हो गई थी। धीरे-धीरे कमला देवी ने उत्तराखंड के विभिन्न मंचों पर अपने सुरों का जादू बिखेरना शुरु किया और आज वो एक इंटरनेशनल मंच से उत्तराखंड की एक फेमस प्रेम कहानी को देश और दुनिया को सुना रही हैं। जब से कोक स्टूडियो ने कमला देवी को अपने सिजन में लेने की बात की थी तभी से कमला देवी को बधाई देने वालों का तांता लग गया था। वहीं उत्तराखंड की लोकगायिका कमला देवी की प्रतिभा की खूब सराहना भी की जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी






टविट कर कमला देवी को बधाई दी है। गरीबी और पहाड़ की जलि जीवनशैली के बीच लोककला से जुड़ी कमला देवी आज नई बुलंदियों को छू रही है। बता दें कि कोक स्टूडियो टीवी पर चलने वाला एक लाइव म्यूजिक शो है जो दुनिया भर के ऐसे उभरते कलाकारों को मंच देता है जो अपनी संस्कृति को अपनी सुरीली आवाज में संजो रहे हैं। ये दुनियाभर में सराहा जाने वाला एक मंच है जो हमेशा से लोक संगीत को प्रोत्साहित करता आ रहा है। कोक स्टूडियो की सबसे बड़ी खासियत यही है की यहां संगीत की अलग-अलग विधाओं से जुड़े गायक मंच पर एक साथ गाते हैं और बिना किसी काट छांट के इसकी फाइनल रिकॉर्डिंग को सिधा प्रसारित किया जाता है। आपको ये जानकर गर्व होगा की कमला देवी उत्तराखंड की पहली लोक गायिका हैं जिन्हें कोक स्टूडियो जैसे इंटरनेशनल पलेटफोम में गाने का अवसर मिला। कमला देवी ने इस गाने में राजुला और मालू का जिक्र किया है। ऐसे में आपको बता दें कि राजुला और मालू पहाड़ का एक प्रेमी जोड़ा था। मालू राजा का बेटा था और राजुला भोट की शौक्याणी (भोटिया समाज की बेटी)। इनकी शादी बचपन में ही कर दी गई थी। लेकिन बड़े होने के बाद मालू की मां उनके मिलने में काफी अड़चनें पैदा करती है। यहां राजुला के घर वाले सोचते हैं की मालू के पिता उनसे किया वादा भूल गए हैं और वो राजूला की शादी कहीं और कर देते हैं। अब राजुला से अलग रहकर मालू नहीं रह पाया। वो सारा राजपाठ छोड़कर राजुला के लिए सन्यासी बन जाता है। गुरु गोरखनाथ की मदद से वो राजुला को पा ही लेता है।

# विद्यार्थियों ने स्वरचित कविताओं से किया मंत्रमुग्ध

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों द्वारा स्वरचित कविताओं की प्रतियोगिता 'काव्यांजलि' कवि सम्मेलन से हुयी। प्रतियोगिता का आरंभ स्कूल की चेयरपर्सन डॉ0 गीतिका बल्यूटिया, प्रधानाचार्या अनुराग माथुर व उप-प्रधानाचार्या श्रीमती ममता तनेजा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर हुयी। यह प्रतियोगिता दो वर्गों में विभक्त थी। पहली कक्षा छः से आठ तक विद्यार्थियों के लिए व दूसरी कक्षा नौ से बारह तक के विद्यार्थियों के लिए। हर कक्षा हर वर्ग से 2-2, 3-3 विद्यार्थियों ने भाग लिया। उभरते ननहें कवियों ने स्वरचित कविताओं सुनाकर श्रोताओं को विभिन्न रसों से भर दिया। निर्णायक मण्डल ने प्रतियोगिता के नियमों, स्वरचित कविता, भाव, लय, शुद्धता के आधार पर प्रतिभागियों में से प्रथम, द्वितीय व तृतीय को चुना गया। कक्षा छः से प्रथम रिद्धिमा अग्रवाल, द्वितीय जयादित्य जोशी व तृतीय आदिश्री चंदेल, कक्षा सात से प्रथम कृषव, द्वितीय शुभ्रा पाण्डे, इदांत माहेश्वरी व तृतीय काशवी तिवाड़ी, कक्षा आठ से प्रथम खुशी जोशी, द्वितीय शान्तनु श्रीवास्तव, वैष्णवी जोशी व तृतीय कर्त्तव्य जोशी, कक्षा नौ से प्रथम तेजस्विनी भट्ट, द्वितीय सिद्धि बोरा व तृतीय प्रतीक नेगी, कक्षा दस से प्रथम तेजल फलोरिया, द्वितीय हिमांशु कफल्टिया व तृतीय जूही राज, कक्षा ग्यारह से प्रथम सर्वज्ञ श्रीवास्तव, द्वितीय प्रतीति साह व तृतीय रिया सैनी, आदित्य नैनवाल, कक्षा बारह से प्रथम कविता लोहनी, संकल्प अग्निहोत्री, द्वितीय शुभ्रा पाण्डे, दीपा हैड़िया व तृतीय मयंक उप्रेती व श्रोताओं के मध्य से कक्षा दस की छात्रा तनुप्रिया को विशेष पुरूस्कार दिया गया। सभी प्रतिभागियों को चेयरपर्सन डॉ0 गीतिका बल्यूटिया व प्रधानाचार्य श्री अनुराग माथुर ने अपना आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में छिपी काव्य प्रतिभा करे सबके सम्मुख रखना था। कार्यक्रम का संचालन कक्षा ग्यारह की पूजा कोरंगा, कक्षा नौ के मयूरेश, कक्षा छः के रूद्र शर्मा, कक्षा सात की अक्षिता, कक्षा आठ के हमजा खान द्वारा किया गया। कक्षा ग्यारह के सार्थक चन्द्र, हर्षित गौतम ने भी संचालन में सहायता की। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती रीता राठौर, श्रीमती शिखा सलोमन, श्रीमती रश्मि भट्ट, श्रीमती संतोष रावत, श्रीमती राधा भट्ट, श्रीमती निशा काण्डपाल व रौबिन कुमार आर्या, संजय गोस्वामी की भूमिका रही।





# बाबा हरदेव सिंह जी की स्मृति मे समर्पण दिवस 13 मई को

गदरपुर(उद संवाददाता)। बाबा हरदेव सिंह जी की पुण्य स्मृति में 13 मई को समर्पण दिवस का आयोजन किया जाएगा । यह जानकारी देते हुए संत निरंकारी मिशन के गदर पुर इकाई के प्रमुख किशन लाल नारंग ने बताया कि बाबा हरदेव सिंह जी की पुण्य स्मृति में 13 मई दिन सोमवार को रविवार बाजार के पास स्थित संत निरंकारी भवन में 11 :00 बजे से 1 :00 बजे तक कथावाचकों द्वारा सत्संग का आयोजन किया जाएगा । तत्पश्चात गुरु का लंगर वितरित होगा उन्होंने सभी निरंकारी परिवार के सदस्यों से कार्यक्रम में समय अनुसार पहुंचने की अपील करते हुए पुण्य लाभ कमाने का आहवान किया है ।

विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय ।
नागाननाय श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते ॥
हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एंव वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रुद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

Guru Maa Advanced Dental Care
गुरु माँ एडवांस डेन्टल क्लीनिक
WORLD-CLASS DENTAL CARE NOW IN YOUR CITY
रूट कैनाल विशेषज्ञ
डेन्टल इम्प्लांट
टेढ़े-मेढ़े दांतों का इलाज
invisalign



डॉ. आँचल ढींगरा
बी.डी.एस, एम.डी.एस. एंडोडोन्टिस्ट
रूट कैनाल स्पेशलिस्ट, कॉस्मेटिक डेन्टीस्ट
सर्टिफाइड एस्थेटिक डेन्टिस्ट
Guru Maa Advanced Dental Care "A Multi Speciality Dental Clinic"
प्लॉट नं 1, सिविल लाइन्स, रुद्रपुर | 7452880018, 05944-245666

# अक्षय तृतीया पर चार गरीब कन्याओं की कराई शादी

## गल्ला मण्डी स्थित पंचमुखी हनुमान बालाजी मंदिर में हुआ कार्यक्रम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गल्ला मण्डी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान बालाजी मंदिर में अक्षय तृतीया का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मंदिर में विधि विधान से 16 विग्रह की स्थापना की गयी साथ ही ब्रम्हलीन महंत श्री रमेश वाधवा की प्रेरणा से चार गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह भी सम्पन्न कराया गया। बता दें ब्रम्हलीन महंत रमेश वाधवा की प्रेरणा से हर वर्ष गल्ला मण्डी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में अक्षय तृतीया के मौके पर गरीब कन्याओं का विवाह सामाजिक सहयोग से कराया जाता है। इस बार भी अक्षय तृतीया के मौके पर मंदिर में सामूहिक विवाह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें वार्ड नंबर सात रम्पुरा निवासी सोमवती पुत्री भगवान दास का विवाह कासगंज उत्तर प्रदेश निवासी यशपाल पुत्र भानु प्रताप के साथ रामपुर निवासी रजनी पुत्री भगवान दास का विवाह कासगंज निवासी रिंकू पुत्र भानु प्रताप के साथ, रामपुर निवासी शशि पुत्री



धर्मेन्द्र का विवाह शाहजहांपुर निवासी करण लाल पुत्र राम कृपाल मौर्या के साथ और वार्ड नं. 24 रम्पुरा निवासी पुष्पा पुत्री स्व. लेखराज का विवाह वीरपुर बरेली निवासी विकास पुत्र सुरेश बाबू के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ संपन्न कराया गया। विवाह की सभी रस्में पारंपरिक सनातन रीति अनुसार पंडित पुष्पेंद्र शास्त्री जी एवं पंडित सुरेंद्र शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूरी कराई गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने वर वधू को उपहार और आशीर्वाद देकर सुखमय जीवन की कामना की। इससे पूर्व मंदिर में 16 विग्रह स्थापना भी विधि विधान के साथ की गयी। मंदिर में विग्रह स्थापना को लेकर पिछले चार दिन से कार्यक्रम चल रहा था। जिसके तहत 7 मई दिन मंगलवार को प्रात: 7 बजे श्री पंचमुखी हनुमान बालाजी महाराज को चोला चढ़ाया गया रात्रि 8से श्री बालाजी महाराज का दरबार सजाया गया और बाबा को छप्पन भोग लगाया गया। 8 मई की शाम 3से महिला समिति द्वारा श्री बालाजी महाराज मां दुर्गा भवानी का सुंदर गुणगान किया गया। 9 मई को प्रात: 10 बजे से श्री रामचरितमानस संगीतमय पाठ प्रारंभ हुआ जिसका भोग शुक्रवार को सुबह 10 बजे पड़ा। उसके बाद भजन कीर्तन हुआ। सामूहिक विवाह समारोह के उपरांत दोपहर को विशाल भंडारा और ठंडे पानी की छबील भी लगायी गयी। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संगठनों से जुड़े तमाम लोगों ने शिरकत कर वर वधू को आशीर्वाद दिया। साथ ही बाबा भक्तों ने ब्रम्हलीन महंत रमेश वाधवा को भी याद करते हुए नमन किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर महंत गगन बाधवा, अध्यक्ष गुलशन नारंग, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, तरुण दत्ता, नरेश सागर, विशाल कोली, सुधीर अरोरा, कमल अरोड़ा, शिवांश अग्रवाल भाजपा नेता पवन अग्रवाल, सुरेश शर्मा, जतिन जुनेजा, अक्षय मित्तल, अशोक राजपूत, कुंज बिहारी श्रीवास्तव, चंद्रपाल कोली, हिम्मत राम कोली, संजय ठुकराल, सोनू अनेजा, रौनिक नारंग, सौरभ गाबा, मनोज अरोड़ा, सूरज सचदेवा, अक्षय नारंग,नवनीत शर्मा, कमलदीप सोनकर, महिला समिति की ऋतु वाधवा, अनु वाधवा, अनु अरोड़ा, ईशा नारंग, प्रेम नारंग, मनीषा वाधवा, डिंपल बत्रा, सीमा बत्रा, सीमा फुटेला, आरती सचदेवा आदि समेत तमाम लोग मौजूद थ्ज्ञे।

# विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बिजली, पानी और वनाग्नि जैसे गंभीर मामले को लेकर कांग्रेस ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर उनसे मांगों पर अविलंब उचित कार्यवाही करने की मांग की।बिजली बिलो मे बेतहाशा वृद्धि और अघोषित बिजली कटौती सहित पेयजल की किल्लत से जूझ रहे नगर वासियों ने जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौपा। विधायक सुमित हृदयेश के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेसियों ने बिजली, पानी सहित वनाग्नि से जूझ रहे प्रदेशवासियों की समस्या का संज्ञान लेते हुए ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तराखंड का ध्यान इन ज्वलंत समस्याओं की तरफ इंगित करवाया। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि भाजपा राज में आम जनमानस पर चौतरफा मार पड़ रही है। भीषण गर्मी से जनता पहले से परेशान है। उस पर बिजली बिलों मे बेतहाशा वृद्धि और अघोषित बिजली कटौती ने जले मे नमक



वाला काम किया है। इस भीषण गर्मी में पेयजल व्यवस्था चरमराना सरकार की उदासीनता का प्रतीक है। जंगलों की आग ने सरकार की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगाया है। महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि ऊर्जा प्रदेश में ऊर्जा संकट होना भाजपा सरकार की अकर्मणता का प्रतीक है। जनता पेयजल की समस्या से परेशान और बिजली के बढ़ते दामों से हलकान है। जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने कहा कि जंगल जल रहे है। पर्यावरण और जीवन खतरे में है और मुख्यमंत्री कुछ निचले स्तर के कर्मचारियों पर कार्यवाही कर अपनी जिम्मेदारियों से इतिश्री कर रहे है। जो न्याय संगत नही है। महिला महानगर अध्यक्ष मधु सांगूड़ी ने कहा कि महंगाई से घर चलाना पहले से मुश्किल था और बिजली बिलों का बढ़ाकर भाजपा ने आम जनता का जीवन दुस्वार कर दिया है। जिला महामंत्री मलय बिष्ट ने कहा कि अगर सरकार बड़े बिजली के दामों को शीघ्र वापस नही लेगी तो कांग्रेस आम जनता को साथ लेकर उग्र आंदोलन को बाध्य होगी और इसकी पूरी जिम्मेदारी भाजपा सरकार की होगी। इस दौरान पीसीसी सदस्य सतीश नैनवाल, डा. मयंक भट्ट, ललित जोशी, सुहैल सिद्दीकी, मुकुल बलुटिया, जया कर्नाटक, राधा आर्य, भगवती जोशी, भागीरथी बिष्ट, ब्लॉक अध्यक्ष कुंदन नेगी, जाकिर हुसैन, विनोद कुमार पिंनु, राजू बिष्ट, गोविंद बगड़वाल, हेमन्त साहू, योगेश जोशी, प्रदीप नेगी, राजू सुयाल, अमित रावत, संदीप भैसोड़ा, कौशलेंद्र भट्ट, संजू उप्रेती, हिमांशु जोशी, कमला तिवारी, मोनिका सती, रमा शर्मा, कमरजहां, राजो टंडन, प्रीति आर्य, शाइस्ता, बबलू बिष्ट, गणेश टम्टा, साद अली सहित कई कांग्रेस जन मौजूद थे।

# ट्रांजिट कैम्प में धूमधाम से मना परशुराम जन्मोत्सव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने सिडकुल चौक ट्रांजिट कैंप में भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर पंडित सुरेश चंद शर्मा के नेतृत्व में ब्राम्हण महासभा के सदस्यों ने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। साि ही हवन पूजन कर हलवे और चने का



प्रसाद वितरित किया गया। हवन पूजन पंडित रविंद्र शर्मा और आचार्य परमानंद शास्त्री ने विधि विधान से सम्पन्न कराया। इस अवसर पर जुगल वल्लभ गोस्वामी, मुकेश वशिष्ठ, सचिन शर्मा, नितिन कौशिक, तरूण दत्ता, इंद्रेश मिश्रा, श्रीमती सुहासिनी द्विवेदी, गीता शर्मा, विद्या शर्मा, नीतू शर्मा, प्रेमवती तिवारी, मुकेश शर्मा, जवाहर शर्मा, देवनारायण आचार्य जी, राम अवतार शर्मा समेत तमाम लोग मौजूद थे।

# सुचतेना संस्था ने मनाया मातृ दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।सुचेतना समाज सेवा संस्था की ओर से प्रतापपुर और धर्मपुर में मदर्स डे मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने मां पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। बच्चों ने भाषण भी दिये। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि मां के बिना कभी भी बच्चों की अच्छी देखभाल नहीं हो



सकती। मां ही बच्चे की प्रथम शिक्षक होती है। मां बच्चे को अच्छे संस्कार देती है मां बच्चे के हमेशा सुख–दुख में आगे खड़ी रहती है जिन बच्चों की मां नहीं होती उन्हें जीवन में मां की कमी महसूस होती है और जीवन में बहुत अधिक संघर्ष करना पड़ता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान सर्वजीत कौर ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ती सुनीता, रेखा,शारदा, सपना, दीपाली पूजा,सपना आदि महिलाएं मौजूद थी।

# विधायक मोहन बिष्ट ने डीएम को बताई समस्याएं

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लालकुआ विधायक डॉ मोहन बिष्ट ने जिलाधिकारी वंदना सिंह से मुलाकात कर उनके समक्ष आपदा और क्षेत्रीय समस्याओं को रखा। जिलाधिकारी ने बताया कि सिंचाई, लोनिवि और अन्य विभागों को इस साल की आपदा को देखते हुए अतिआवश्यक संवेदनशील क्षेत्रों का आकलन तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। जिनकी टीएसी कराकर कार्य शुरू कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने विधानसभा लालकुआं की क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि आगामी मानसून सीजन में आपदा के दृष्टिगत सभी एसडीएम को क्षेत्र में



अधिक सक्रियता बनाए रखने के साथ ही बिजली, पानी, सड़क आदि विभागों की लगातार मॉनिटरिंग के निर्देश दिए है। विधायक बिष्ट ने बताया कि क्षेत्र में आवारा गौवंशो द्वारा जान माल व किसानों की फसलों को आये दिन नुकसान पहुँचाया जा रहा है। जिस संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि पशुपालन और वन विभाग द्वारा पशुओं को टैगिंग की गई थी। जिसकी सहायता से उनके मालिकों को चिन्हित कर कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए उन्होंने नगर निगम, पशुपालन और एसडीएम को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश भी दिए है। विधायक ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के 25 एकड़ राजीवनगर बंगाली कालौनी में बरसात के समय वन निगम डिपो न० 3 के पानी का निकास कही न होने के कारण पानी आवासीय कालोनियों में लोगों के घरों में घुसने से लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि इस बारे में वन निगम को कार्यवाही हेतु निर्देशित कर दिया गया है। विधायक ने अपने क्षेत्र की समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष रखा। जिस पर डीएम ने विभिन्न विभागों से दूरभाष पर वार्ता कर कार्यवाही हेतु निर्देश दिए।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का सदस्यता अभियान शुरू

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उत्तरांचल प्रांत ने सदस्यता अभियान शुरू कर दिया है। गत दिवस नगर के विभिन्न विद्यालयों में स्कूली सदस्यता विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा कराई गई। परिषद के प्रदेश संयोजक चंदन भट्ट ने बताया कि विद्यार्थी परिषद की सदस्यता का प्रथम चरण जो विद्यालय सदस्यता का होना है प्रारंभ हुआ है। जिसमें 200 से अधिक विद्यार्थीयों ने सदस्यता ली है और यह अभियान 25 मई तक चलेगा। जिसमें अधिकतम संख्या में स्कूली विद्यार्थियों को विद्यार्थी परिषद से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। स्कूली विद्यार्थियों को विद्यार्थी परिषद के



इतिहास विकास के बारे में बता कर अधिकतम संख्या में सदस्यता करने के लिए आवाहन किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हिमांशु सिंह, नगर अध्यक्ष विपुल पांडे, नगर मंत्री दीपक सिंह, पूर्व छात्र संघ सचिव रोहित चंद्र भट्ट , जिला मीडिया संयोजक शिवम यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लालपुर में निमार्णाधीन अवैध कालोनी में गरजी जेसीबी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, ऊधमसिंह नगर के उपाध्यक्ष, द्वारा अनाधिकृत कालोनियों के विरूद्ध नियमानुसार ध्वस्तीकरण के आदेश के तहत शुक्रवार को तहसील रूद्रपुर अंतर्गत लालपुर में राजस्व, पुलिस बल एवं प्राधिकरण की टीम द्वारा श्रीमती फरीदा पत्नी जलालुद्दीन महराया रोड निकट देवस्थलीय कॉलेज लालपुर रूद्रपुर द्वारा अनाधिकृत रूप से लगभग 3 एकड भूमि पर विकसित की जा रही कॉलोनी के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की। उपाध्यक्ष श्री रूहेला ने अनाधिकृत कालोनियों आदि के विरूद्ध भविष्य में भी



कार्यवाही गतिमान रहने हेतु अवगत कराया गया एवं आमजन कालोनाईजरों से यह अपील की गयी कि विधिवत मानचित्र/तलपट मानचित्र स्वीकृत किये जाने के उपरान्त ही निर्माण/विकास की कार्यवाही करें। प्राधिकरण की ओर से अधि0अभि0, अवर अभियंता एवं अन्य प्राधिकरण कर्मचारी उपस्थित रहें।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## खानपान की आदतें

पिछले कुछ दशक में जीवन-शैली संबंधी बीमारियां सरकार के लिए चिंता का विषय बनती गई हैं। स्वास्थ्य और आहार विशेष निरंतर लोगों से अपनी जीवन-शैली में बदलाव लाने, आहार संबंधी सतर्कता बरतने का आह्वान करते रहे हैं, मगर उसका अपेक्षित असर नहीं देखा जाता। खासकर पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह लोगों की खानपान संबंधी आदतें बदली हैं, उससे कई नई तरह की बीमारियां पैदा हो रही हैं। स्वास्थ्य संबंधी इन नई समस्याओं की गिरफ्त में बच्चों और युवाओं को अधिक देखा जा रहा है। मोटापा और मधुमेह अब युवाओं के बीच आम समस्या की तरह उभरे हैं। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद यानी आइसीएमआर ने अपनी एक रपट में खुलासा किया है कि 56.4 फीसद बीमारियां अस्वास्थ्यकर खानपान की वजह से होती हैं। आइसीएमआर की तहत काम करने वाली संस्था राष्ट्रीय पोषण संस्थान यानी एनआइएन ने आहार संबंधी विवरण पेश करते हुए सत्रह ऐसे खाद्य पदार्थों की सूची जारी की है, जिनसे परहेज करके बीमारियों से दूर रहा और स्वास्थ्यकर जीवन बिताया जा सकता है। निश्चय ही इससे लोगों में अपने स्वास्थ्य को लेकर कुछ सतर्कता बढ़ेगी। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि खासकर शहरी और कस्बाई जीवन में खानपान की आदतें बहुत तेजी से बदली हैं। जबसे डिब्बाबंद और बने-बनाए भोज्य पदार्थों का बाजार बढ़ा है, तबसे खानेपीने के पारंपरिक नियम-कायदे छिन्न-भिन्न होने लगे हैं। बच्चों और युवाओं की जीभ पर बाजार का स्वाद अपना राज करने लगा है। इसमें लोग भूल ही गए हैं कि क्या खाना सेहत की दृष्टि से उचित है और क्या अनुचित। खानेपीने का कोई तय समय भी नहीं रह गया है। इस तरह युवाओं के चयापचय पर बुरा असर पड़ा है, जिसका नतीजा उनमें बढ़ता मोटापा और उनके हृदय पर बढ़ता बोझ है। बहुत सारे कसरत करने वाले युवा, बिना सोचे-समझे प्रोटीन की खुराक लेते हैं, यह उनकी सेहत पर बहुत बुरा असर डाल रहा है। इसे लेकर आइसीएमआर ने आगाह किया है। यह निश्चय ही चिंता का विषय है कि आधे से अधिक लोगों में बीमारियां केवल गलत खानपान की आदतों की वजह से पैदा हो रही हैं। इसके लिए जनजागरूकता बढ़ाना जरूरी है।

# जैन मुनि आचार्य लोकेश ने राज्यपाल से की भेंट

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शुक्रवार को राजभवन में अहिंसा विश्व भारती के संस्थापक एवं जैन मुनि आचार्य लोकेश ने भेंट कर अक्षय तृतीया के पावन पर्व एवं परशुराम जयंती पर शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर आचार्य लोकेश ने राज्यपाल को उनके द्वारा सिंगापुर, अमेरिका व ब्रिटेन की सम्पिन विश्व शांति एवं सद्भावना यात्रा की विस्तृत जानकारी दी और साथ ही अहिंसा विश्व भारती संस्था के आगामी कार्यक्रमों से अवगत कराया। राज्यपाल ने आचार्य लोकेश को अमेरिकन प्रेसिडेंशियल अवार्ड से सम्मानित होकर भारत लौटने पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि आचार्य लोकेश ने मानवतावादी कार्यों से विश्व में भारत देश व संस्कृति का गौरव बढ़ाया है। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि भारत के ऋषि-मुनियों का ज्ञान और तपस्या विश्व में शांति एवं सद्भावना का मार्ग प्रशस्त करता है और



वर्तमान में विश्व, भारतीय संस्कृति एवं आस्थाओं को सम्मान की दृष्टि से देख रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की ज्ञान परंपरा में आदिकाल से ही विश्व के कल्याण की कामना की जाती है, और जिस प्रकार भारत अपने पुरातन वैभव को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, उसमें हमारे ऋषि-मुनियों का योगदान बहुत अहम है। राज्यपाल ने कहा कि जैन धर्मगुरुओं ने पूरे विश्व को करुणा और संयम का अभिनव ज्ञान दिया है। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में लोग भगवान महावीर के 2550वें निर्वाण वर्ष को मना रहे हैं और विश्व शांति की कामना कर रहे हैं और आज उनकी दी हुई शिक्षाओं का पालन कर रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि भगवान महावीर जी ने जैन धर्म के मूल मंत्रों के माध्यम से मानवता को एक उच्च स्तर पर प्रेरित किया। उनकी अनमोल शिक्षाओं में अहिंसा, सत्य, असंगता, अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य की महत्ता शामिल है। उनके उपदेशों के आलोक में ही जैन समाज के मुनियों ने अपने जीवन को समर्पित किया। राज्यपाल ने कहा कि जैन मुनियों का जीवन अपरिहार्य रूप से अहिंसा, तपस्या, संयम और सेवा के माध्यम से अलौकिक स्थिति की प्राप्ति का उदाहरण है। उनकी अद्वितीय ध्यान और साधना का परिणाम है कि वे सम्पूर्ण समाज के लिए आदर्श बने हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी इस पवित्र परंपरा को समर्पित होकर अपने जीवन में नैतिकता, शांति, और सामर्थ्य का विकास कर सकते हैं।


# देहरादून में कैंप ऑफिस बनाकर जमे अफसरों की मांगी रिपोर्ट

नैनीताल। नैनीताल हाईकोर्ट ने दूनघाटी को ईको सेंसटिव जोन घोषित करने के साथ ही मास्टर पालन के मुताबिक विकास कार्य नहीं करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने याचिका का दायरा बढ़ाते हुए सरकार से पूछा है कि पहाड़ में जो निदेशालय स्थापित हैं, कितने विभागों के अफसर देहरादून में कैम्प ऑफिस बनाकर जमे हैं, इसकी रिपोर्ट देने की कहा है। अगली सुनवाई को सात जून की तिथि नियत की है। पूर्व में कोर्ट ने सचिव शहरी विकास को पूछा था कि बल्लीवाला व आइएसबीटी फ्लाई ओवर का निर्माण किस स्वीकृत मानचित्र के अनुसार किया गया। अभी तक स्वीकृत मानचित्र के अनुसार फ्लाई ओवर का निर्माण नहीं हुआ, गलत मानचित्र की वजह अभी तक 40 लोग अपनी जान दे चुके हैं। सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने को समय मांगा गया। देहरादून निवासी आकाश वशिष्ठ ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि वर्ष 1989 में पर्यावरण एवं वन मंत्रालय केंद्र सरकार ने दूनघाटी को ईको सेंसटिव जोन घोषित किया गया था। 34 साल बीत जाने के बाद भी इस शासनादेश को प्रभावी तौर पर लागू नही किया गया। जिसकी वजह से दूनघाटी में नियमविरुद्ध तरीके से विकास कार्य ,खनन, पर्यटन व अन्य गतिविधियां गतिमान है। विकास कार्यों को मास्टर प्लान नही है न ही पर्यटन के लिए पर्यटन विकास योजना बनाई गई । जिसकी वजह से नियम विरुद्ध विकास कार्य हो रहे है। जनहित याचिका में कहा गया कि दूनघाटी मेंन समस्त विकास कार्य मास्टर प्लान के अनरूप हों। विकास कार्य करने से पहले वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की अनुमति ली जाय।

# बुजुर्ग तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य की होगी जांच

## सरकार ने चारधाम यात्रियों के लिए बनाई एसओपी: विशेषज्ञ चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ की होगी तैनाती

देहरादून(उद संवाददाता)। देवभूमि उत्तराखंड में चारधाम यात्रा को सुगम, सुरक्षित व सुव्यवस्थित बनाने के दृष्टिगत सरकार ने चारधाम यात्रा मार्ग पर तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य की जांच एवं उपचार के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती की जा रही है। कुल 180 चिकित्सकों को यात्रा के दौरान रोटेशन पर चारधाम यात्रा मार्ग पर स्थित अस्पतालों में तैनाती दी जाएगी। साथ ही निजी क्षेत्र से भी चिकित्सकों का सहयोग लिया जा रहा है। यात्रा मार्गों पर 50 स्थान पर हेल्थ एटीएम लगाने का निर्णय लिया गया है। 50 वर्ष से अधिक आयु के यात्रियों के लिए स्वास्थ्य जांच की अनिवार्यता की जा रही है। हिमालयी क्षेत्र में बारिश और बर्फबारी के बीच चारधाम यात्रा मार्ग पर हृदयाघात से होने वाली मृत्यु की संख्या को कम करना एक बड़ी चुनौती रहेगी। गत वर्ष यात्रा के दौरान 247 श्रद्धालुओं की मौत हुई थी। साथ ही चुनौती यात्रा मार्ग पर मिलावटी खाद्य पदार्थों पर रोक लगाने और ऊंची कीमतों पर खाद्य पदार्थ बेचने की शिकायतों पर नियंत्रण करने की भी होगी। स्वास्थ्य विभाग ने देश भर से आने वाले यात्रियों के लिए मानक प्रचालन कार्यविधि जारी की है। इसमें श्रद्धालुओं को सलाह दी गई है कि कम से कम सात दिन के लिए चारधाम यात्रा की योजना बनाएं। केदारनाथ और यमुनोत्री धाम में पैदल चढ़ते समय प्रत्येक एक से दो घंटे के बाद 5 से 10 मिनट तक विश्राम करें। यात्रा के लिए गरम कपड़े, बारिश से बचाव के लिए रेनकोट, छाता, स्वास्थ्य जांच के लिए पल्स आक्सीमीटर, थर्मामीटर साथ में रखें। हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, अस्थमा, मधुमेह से पीडित यात्री जरूरी दवा और डाक्टर का नंबर अपने पास रखें। यात्रा के दौरान सीने में दर्द, सांस की तकलीफ, चक्कर या उल्टी आने पर नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अथवा स्वास्थ्य राहत केंद्र में प्राथमिक उपचार



लें। गौरतलब है कि प्रदेश में चारधाम यात्रा 2024 के लिए पंजीकरण को लेकर जिस तरह का उत्साह देखा जा रहा है, उससे साफ है कि इस वर्ष यात्रा नए प्रतिमान स्थापित करेगी। गत वर्ष रिकार्ड 56 लाख से अधिक श्रद्धालु चारधाम यात्रा के लिए आए थे। प्रदेश के चारधामों के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में होने के कारण यात्रा मार्गों पर स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रखना किसी चुनौती से कम नहीं है। यात्रा मार्ग पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती का विषय हो या फिर समुचित संख्या में पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती का, ये हमेशा से ही विभाग के सामने एक बड़ी चुनौती बनते हैं। इस बार विभाग का दावा है कि यात्रा मार्ग पर पहले से बेहतर इंतजाम किए गए हैं।पंजीकरण के दौरान भी श्रद्धालुओं को अपना स्वास्थ्य संबंधी ब्यौरा देने को कहा गया है, ताकि जरूरत पडने पर उचित उपचार दिया जा सके। स्वास्थ्य विभाग ने यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यात्रा मार्ग पर 50 स्क्रीनिंग केंद्र बनाए हैं। इन स्क्रीनिंग केंद्र को रजिस्ट्रेशन केंद्र के साथ ही रखा गया है। इसमें श्रद्धालुओं की उच्च रक्तचाप, मधुमेह सहित 28 मानकों पर जांच की जाएगी। चारधाम यात्रा में उत्तराखंड के अलावा अन्य प्रदेशों के चिकित्सक भी अपनी सेवाएं देने के इच्छुक रहते हैं। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सभी राज्यों से अपील की है कि उनके यहां से जो भी चिकित्सक यात्रा मार्ग पर अपनी सेवाएं देना चाहते हैं, उनकी सूची उपलब्ध कराई जाए। प्रदेश में इस वर्ष गत वर्ष की भांति ही 50 स्थानों पर हेल्थ एटीएम लगाए जाएंगे। शासन ने सभी जिलों के सीएमओ और सीएमएस को हेल्थ एटीएम दुरुस्त करने को कहा है। हेल्थ एटीएम में ब्लड प्रेशर, शुगर, वजन, लंबाई, शरीर का तापमान, शरीर में आक्सीजन की मात्रा आदि की जांच की जाएगी। हेल्थ एटीएम में कार्य करने वाले तकनीकी स्टाफ को प्रशिक्षित भी किया गया है। प्रदेश में इस वर्ष स्वास्थ्य राहत केंद्रों की स्थिति पहले से बेहतर की गई है। यहां पर आवश्यकता अनुसार स्वास्थ्य मित्रों की तैनाती की जाएगी, जो बीमार श्रद्धालुओं की इलाज में हर संभव सहायता करेंगे। स्वास्थ्य राहत केंद्रों में दवाओं का स्टाक, आक्सीजन सिलिंडर व अन्य सभी जरूरी उपकरण रखे जाएंगे। इस वर्ष स्वास्थ्य विभाग ने केदारनाथ यात्रा मार्ग पर विशेष फोकस किया है। यहां 10 स्वास्थ्य राहत पोस्ट के साथ ही दो पीएचसी सेंटर भी स्थापित किए गए हैं। केदारनाथ यात्रा मार्ग पर यात्रियों को हेल्थ एटीएम की सुविधा भी मिलेगी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुप्तकाशी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फाटा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गौरीकुंड और माधव चिकित्सालय, नारायणकोटी में हेल्थ एटीएम की स्थापना की जा रही है।

# कल खुलेंगे बदरीनाथ धाम के कपाट,पंजीकरण की संख्या 23 लाख पार

## केदारनाथ में लगा भक्तों का तांता, सीएम धामी ने तीर्थत्रियों को बांटा भंडारे का प्रसाद

चमोली/रूद्रप्रयाग(उद संवाददाता)। भगवान आशुतोष के द्वादश ज्योतिर्लिंग में एक केदारनाथ धाम के कपाट वेद मंत्रोच्चार के बीच शुभ लग्न पर शुक्रवार सुबह 7 बजे खोल दिए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित कई गणमान्य लोगों ने बाबा केदार के दर्शन किए। हजारों श्रद्धालु भी इस पावन पल के साक्षी बने। वहीं सोशल मीडिया के जरिये पीएम नरेंद्र मोदी ने देशभर के श्रद्धालुओं को केदारनाथ धाम के कपाटोदघाटन की बधाई दी है। वहीं अब 12 मई को बदरीनाथ धाम के कपाट खोले जाएंगे। बाबा के दर्शनों के लिए भक्तों की रात्रि एक बजे से लाइन लगनी शुरू हो गई थी। शुक्रवार को बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय, मंदिर के रावल भीमांशंकर लिंग, मुख्यकार्याधिकारी योगेंद्र सिंह, पुजारी, धर्माचार्य, वेदपाठी की अगुवाई में कपाट खोलने की प्रक्रिया शुरू की गई। सुबह सात बजे कपाट खोले गए। मां यमुना की डोली धाम में पहुंचने के बाद सुबह 10.29 बजे यमुनोत्री धाम के कपाट खोले गए। जबकि गंगोत्री धाम के कपाट 12.25 बजे विधि विधान से खुले। जिला प्रशासन के मुताबिक गंगोत्री धाम में पहले दिन 12 हजार से अधिक और यमुनोत्री धाम में 2500 श्रद्धालु पहुंचे। रावल भीमाशंकर लिंग ने कहा कि भगवान केदारनाथ छह माह अपने धाम में विराजमान हो गए हैं। अब, बाबा के भक्त छह माह तक अपने आराध्य के दर्शन और पूजा-अर्चना धाम में ही करेंगे। उन्होंने भगवान केदारनाथ से देवभूमि उत्तराखंड और समस्त भारतवर्ष की सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्य पुजारी शिव शंकर लिंग ने बाबा केदार को समाधि रूप से जागृत किया और पूजा-अर्चना करते हुए अन्य परंपराओं का निर्वहन किया। इसके बाद बाबा केदार के दर्शनों के लिए भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। चारधाम यात्रा शुरू होने के साथ ही पंजीकरण का आंकड़ा 23 लाख के पार हो गया है। केदारनाथ धाम के लिए आठ लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया है।



पर्यटन विभाग की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार शाम चार बजे तक चारधाम यात्रा के लिए 23 लाख 57 हजार 393 पंजीकरण हुए थे। इनमें केदारनाथ के लिए सर्वाधिक आठ लाख सात हजार 90, बदरीनाथ धाम के लिए सात लाख 10 हजार 192, यमुनोत्री के लिए तीन लाख 68 हजार 302 और गंगोत्री के लिए चार लाख 21 हजार 205 पंजीकरण शामिल हैं। वहीं, हेमकुंड साहिब के लिए भी इस बार अभी तक 50 हजार 604 पंजीकरण हो चुके हैं। पंजीकरण का सिलसिला जारी है। केदारनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा का आगाज हो गया। शुक्रवार को हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं के जयकारों के बीच तीनों धाम के कपाट विधि विधान के साथ खोले गए। पहले दिन करीब 45 हजार श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। केदारनाथ धाम में 30 हजार श्रद्धालुओं ने दर्शन कर नया रिकॉर्ड बनाया है। केदारनाथ धाम पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से देशवासियों की सुख समृद्धि के लिए पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को अक्षय तृतीया की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। केदारनाथ में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर की । प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कपाट खुलने के अवसर पर विशेषरूप से मौजूद रहे। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को बधाई दी देश एवं प्रदेश की खुशहाली की कामना की। कहा कि इस बार चारधाम यात्रा नया कीर्तिमान बनायेगी। प्रदेश सरकार तीर्थयात्रियों की सुविधा हेतु प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर मंदिर परिसर में सीएम धामी ने तीर्थयात्रियों से मुलाकत कर भंडारे का प्रसाद वितरित कर सेवा की।

# वार्डो में नालियां चोक पुलियों में लगा कूड़े का ढेर

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नगर पंचायत के वार्डो सफाई व फागिंग न होने क्षेत्रवासी परेशान है। नगर में दहला रोड पर नालियों के साथ पुलिया भी कुड़े के ढेर से पटी है। क्षेत्र के लोगों ने भी सफाई न होने से नाराजगी व्यक्त की है। नगर पंचायत में वर्तमान में प्रशासक की तैनाती है। नगर के 7 वार्डो में स्थित नालियां व पुलियों में कुड़े का ढेर



लगना आम बात है। कई वार्डो में नालियां चोक हो गई है। नालियों में जगह-जगह कुड़े के ढेर दिखाई दे रहें है। नगर के वार्डो में साफ सफाई न होने से गमिर्यो के मौसम में मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ता रहा है। जिससें कई तरह की बीमारियों से लोग जुझ रहें है। वार्ड न0 6 में दहला रोड निवासी समाजसेवी दयाशंकर शर्मा ने बताया कि दहला रोड पर नालियों के साथ पुलियों में प्लास्टिक के कचरे का ढेर लग गया है। जिससें पानी की निकासी भी नही हो पा रही है। सफाई न होंने से क्षेत्र में कई बीमारियां पनप रही है। उन्होंने नगर पंचायत से वार्ड वार सफाई करने के साथ ही मच्छरों के प्रकोप से छुटकारा दिलाने के लिए छिड़काव करने की मांग की है।

# राहुल गांधी के प्रचार के लिए रायबरेली जायेंगी मीना शर्मा

रूदपुर(उद संवाददाता)।उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा पार्टी हाईकमान के निर्देशानुसार रायबरेली उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का प्रचार करेंगी। इस आशय की जानकारी देते हुए कांग्रेस नेत्री श्रीमती शर्मा ने कहा कि पार्टी हाईकमान के आदेश पर वह रविवार को रायबरेली पहुंचेंगी,जहां वह कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और रायबरेली से कांग्रेस के सांसद प्रत्याशी राहुल गांधी के समर्थन में प्रचार करेंगी।



श्रीमती शर्मा ने कहा कि अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा और उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की ऊर्जावान अध्यक्ष ज्योति रौतेला के निर्देशानुसार वह रविवार को रायबरेली पहुंचेंगी और उसके बाद वहां पर कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी के समर्थन में प्रचार करेंगी। श्रीमती शर्मा ने कहा कि इस दौरान हल्द्वानी से कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री और प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष जया कर्नाटक और प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की सचिव सुनीता कश्यप,सहित प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की सचिव राधा आर्य भी रायबरेली पहुंच रही है स जहां वह उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की ऊर्जावान और संघर्षशील अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में चुनाव प्रचार करेंगी।

# वकीलों की भारी भरकम फीस से छुटकारा मिलेगा जनता को: छाबड़ा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।नैनीताल से हाईकोर्ट को स्थानांतरित करने के आदेश का लोकतन्त्र सेनानी सँघ ने स्वागत किया है , लोकतन्त्र सेनानी एडवोकेट सुभाष चन्द्र छाबड़ा ने कहा कि माननीय उच्चन्यायालय की मुख्य न्यायाधीश सुश्री ऋतुबाहरी तथा जस्टिस राकेश थपलियाल ने उत्तराखंड की जनता को आवाज को सुना और एक ऐतिहासिक आदेश राज्य सरकार को दिया जिसके लिए उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड लोकतन्त्र सेनानी संघ माननीय न्यायाधीशगणों का हार्दिक आभार व्यक्त करता है। एडवोकेट छाबड़ा ने कहा जब से नैनीताल में हाईकोर्ट बना तब से जनता पर भारी फीस तथा पर्यटक नगरी आने जाने और एक रात रुकने का तीन से पाँच हजार रुपया खर्च होता था छोटे से काम के लिए तीस-चालीस हजार रुपये खर्च होना मामूली बात है जिससे बहुत से गरीब लोग पैसे के अभाव में मुकदमे की पैरवी नहीं कर पाते थे और न्याय से वंचित रह जाते थे। एडवोकेट छाबड़ा ने अपनी इस माँग को फिर दोहराया कि जब तक नया हाईकोर्ट नहीं बन जाता तब तक रुद्रपुर के जिला न्यायालय परिसर में अस्थायी रूप से न्यायिक कार्य शुरू करे क्योंकि नया हाईकोर्ट भवन बनने में तीन से पाँच वर्ष लगेंगे लोकतन्त्र सेनानी सँघ ने आशा व्यक्त की है कि सरकार उच्च न्यायालय को अपनी राय देते वक्त ये अनुरोध भी करेगी और जनता को राहत प्रदान करेगी इससे सरकार की वो गलती भी माफ हो जाएगी जो उसने नैनीताल में उच्च न्यायालय स्थापित करके की थी । लोकतन्त्र सेनानी सेनानी सुरेश पुंशी,हरिश्चन्द्र पन्त,जुगल किशोर बाम्बा ,ओमप्रकाश ठुकराल समेत तमाम लोकतन्त्र सेनानीयों तथा जनप्रतिनिधियों ने सरकार से इस दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग की है ।

# इन्द्रा चौक में जाम से लोग हलकान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ऊपर से चिलचिलाती धूप और मुख्य चौराहा पर लगे जाम से आज दोपहर इन्द्रा चौक पर सैकड़ों की संख्या में वाहनों की लम्बी कतारें लग जाने से वाहनों में सवार यात्रियों सहित सड़क पार करने वाले राहगीरों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। यह नजारा न सिर्फ इन्द्रा चौक वरन शहर के सभी मुख्य चौराहों पर देखने का मिलता है। इसका मुख्य कारण जहां



मुख्य चौराहों पर सिंग्नल लाईट का न होना है तो वहीं ड्यूटी पर तैनात कर्मी भी धूप से बचने के लिए छांव में बैठे रहते हैं। आज दोपहर इन्द्रा चौक पर लगे जाम के बाद पुलिस कर्मियों को जाम खुलवाने में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। सीपीयू के उपनिरीक्षक गोदन सिंह राणा ने बताया कि दोपहर के समय स्कूलों की छुट्टी होने और सिडकुल फैक्ट्रियों की बसो के एक साथ आने के कारण अक्सर ही जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। हांलाकि यह जाम कुछ ही समय के लिए होता है। उन्होंने बताया कि ऐसी ही स्थिति डीडी चौक, मुखर्जी चौक, परशुराम चौक, अग्रसेन चौक आदि स्थानों पर आ जाती है। जिसके बाद पुलिस द्वारा तत्परता के साथ यातायात व्यवस्थित किया जाता है।

# अरबी फारसी की परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड मदरसा शिक्षा परिषद अरबी फरसी की परीक्षा यहां परीक्षा केन्द्र मदरसा फैजुल मुस्तफा रजा पब्लिक स्कूल, खेड़ा में शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। केन्द्र व्यवस्थापक सुनील खां ने बताया कि केन्द्र में कुल 363 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें 109 संस्थागत तथा 254 व्यक्तिगत परीक्षार्थी शामिल थे। इनमें से कुल 289 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। उन्होंने बताया



कि परीक्षा स्कूल के 13 कक्षों में आयोजित कराई गई। परीक्षा हाईस्कूल समकक्ष मुंशी व मौलवी, इंटरमीडिएट समकक्ष आालिम, बीए समकक्ष कामिल व एमए समकक्ष फाजिल की आयोजित हुई। परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने में केन्द्र व्यवस्थापक सुनील खां सहित अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापक मननान, परीक्षा प्रभारी आसिफ अहमद, सचल दल के मुफ्ती मुजीब, शबीना, जीशान, अध्यापक इमराना, हुमा, शायबा, आयशा, फरजंद अली, फिजाबी, सना, खतीजा, मेहनाज़, जावेद रजा, इलमा अंसारी, फिजा, करीमन, निशा व सादिया नाज आदि का सहयोग रहा।

# महानाम संकीर्तन में लिया आर्शीवाद

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 35 आदर्श इंदिरा बंगाली कॉलोनी में अखंड महानाम संकीर्तन में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने पहुंचकर संकीर्तन सुना और भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर श्री ठुकराल ने कहा कि अखण्ड नाम संकीर्तन का आयोजन सराहनीय प्रयास है। ऐसे आयोजनों से हमारी संस्कृति मजबूत होती है और समाज को धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा मिलती है। इससे पूर्व आयोजकों ने पूर्व विधायक ठुकराल व पूर्व पार्षद गोविंद राय का स्वागत किया और उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर मालाधारा श्री विवेक मण्डल,अनिता मंडल,



कोकण मंडल, निरंजन डाली, गोविंद सरकार, विष्णु मंडल, आरती सरकार, सावित्री सरकार, परिचालक, पुनील सील, मानवेंद्र मंडल ,अयान सरकार, पार्वती सेन ,रीता मंडल, राजू मंडल, बंटी मंडल, सुशांत मंडल, मुकेश मंडल, वीरू मंडल ,राजेश मंडल, तपन विश्वास ,तारक विश्वास, तरुण विश्वास, नरोत्तम राय, जीवन हालदार, प्राची मंडल, काजल गोलदार, प्रभात मंडल, आदित्य मंडल, कबीर मंडल, कविता मंडल, दुलाल बैरागी, बंटी कोली ,गणेश सरकार एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष...

**देश के सभी नेताओं को ...**उसके खिलाफ एक्शन लिया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को गिरफ्तार कर उन्होंने मैसेज दिया कि अगर मैं केजरीवाल को गिरफ्तार कर सकता हूं तो किसी को भी अरेस्ट कर सकता हूं। केजरीवाल ने कहा मोदीजी देश के सभी नेताओं को खत्म करना चाहते हैं। विपक्ष के सभी नेताओं को जेल भेजेंगे। उन्होंने कहा कि हमे उन्होंने कहा कि मुझसे एफिडेविट पर लिखवा लो अगर ये चुनाव जीत गए तो थोड़े दिन में ममता बनर्जी, तेजस्वी यादव, स्टालिन जेल में होंगे। इन्होंने बीजेपी का एक नेता नहीं छोड़ा। उन्होंने शिवराज सिंह चौहान, वसुंधरा राजे, मनोहर लाल खट्टर की राजनीति खत्म कर दी। अगर ये चुनाव जीत गए तो अगले दो महीने में यूपी का मुख्यमंत्री बदल देंगे। वन नेशन वन लीडर का मतलब है कि देश में एक ही नेता बचेगा। सीएम केजरीवाल ने कहा कि बजरंग बली की हमारी पार्टी के ऊपर बहुत कृपा है। उनकी वजह से ही मैं आप लोगों के बीच हूं। किसी को उम्मीद नहीं थी कि मैं चुनाव के बीच आपके बीच आ जाऊंगा। उन्होंने कहा कि हमारी आम आदमी पार्टी को कुचलने में प्रधानमंत्री ने कोई कसर नहीं छोड़ी। एक साल में हमारी पार्टी के चार टॉप के नेता जेल भेज दिए। जो लोग मोदी जी से मिलने जाते हैं। वो हमें भी सब बताते हैं। इस दौरान पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि भाजपा का बुरा हाल है। क्योंकि केजरीवाल जेल से बाहर आ गए हैं। 3 राउंड में मोदीजी को पता चल गया कि इस बार 400 पार नहीं, बल्कि बेड़ा पार भी नहीं हो रहा। पार्टी मुख्यालय से प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भगवंत मान ने कहा कि केजरीवाल देश के सबसे लोकप्रिय नेता बन चुके हैं। उनके साथ जो हुए वो पूरे देश ने देखा। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश प्रेस कॉन्फ्रेंस देख रहा है। अरविंद केजरीवाल व्यक्ति नहीं, सोच का नाम है। उन्होंने कहा कि हमारे विपक्षी भी कहते हैं कि केजरीवाल के साथ गलत हो रहा है। उन्होंने कहा कि जब किसी नेता ने भ्रम पाला कि मैं लोकतंत्र से बड़ा हूं, तो लोगों ने उसका भ्रम तोड़ दिया है।

**सिरफिरे ने परिवार के पांच...**और पत्नी 40 वर्षीय प्रियंका सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद बेटी 12 साल की बेटी अस्वी, आठ वर्षीय अर्ना और चार वर्षीरू पुत्र आद्विक को छत से नीचे फेंक दिया। फिर गोली मारकर खुद को उड़ा लिया। घर के सभी सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई। सीओ महमूदाबाद दिनेश शुक्ला ने बताया कि युवक नशे का आदी था। परिवार वाले उसे नशा मुक्त केंद्र ले जाना चाहते थे, इसको लेकर रात में विवाद हुआ। इसके बाद यह घटना हुई। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र में घर के पांच सदस्यों की हत्या कर खुद को गोली से उड़ाने वाले अनुराग सिंह का परिवार बेहद सम्पन्न है। परिवार लखनऊ में रहता था। अनुराग गांव में रहता था। शुक्रवार को ही पत्नी बच्चों को लेकर गांव आई थी। पत्नी प्रियंका लखनऊ स्थित एक बैंक में कार्यरत थी। इसके अलावा घर पर 100 बीघा से अधिक खेती थी। अनुराग बीएससी एग्रीकल्चर था तो खेती में रुचि थी। वह खेती संभालता था। लेकिन नशे की लत ने उसे बिगाड़ दिया था। परिजन इसका विरोध करते थे। वह जब ज्यादा नशा करने लगा तो परिजनों ने लखनऊ के नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराने की ठानी। यही हत्या का कारण बना। मृतक अनुराग सिंह के भाई अजीत सिंह ने बताया कि रात ढाई से तीन बजे के बीच गोली चलने की आवाज सुनाई दी। जब वह अपने कमरे से बाहर आए तो खूनी मंजर देखा। इसके बाद अनुराग उन्हें भी मारने दौड़ा तो अजीत सिंह ने खुद को कमरे में बंद कर लिया। अगर वह ऐसा न करते तो अनुराग उन्हें भी मार देता।

**केजरीवाल की अंतरिम ...**खलील अहमद आदि मौजूद थे। गदरपुर-आम आदमी पार्टी की एक बैठक का आयोजन जिला पार्टी के जिलाध्यक्ष सुभाष व्यापारी के नेतृत्व में सक्रिय कार्यकर्ता शकील अहमद के प्रतिष्ठान पर किया गया। इस अवसर पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर खुशी जाहिर करते हुए मिष्ठान वितरण किया गया । बैठक की अध्यक्षता करते हुए पार्टी जिलाध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने कहा अरविंद केजरीवाल की सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के आधार पर रिहाई न्याय व्यवस्था की जीत है। उन्होंने कहा कि शराब घोटाले में ईडी द्वारा आरोप लगाते हुए गिरफ्तार किया गया था जबकि उनका इस घोटाले से कोई लेना देना नहीं था। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एक जुट होकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया ।डॉ आनंद विश्वास ने कहा अरविंद केजरीवाल जमानत पर रिहा होकर लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार के लिए अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। वहीं शकील अहमद ने कहा, डेमोक्रेसी और संविधान की रक्षा के लिए आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल के साथ रहकर हर कार्यकर्ता जागरूकता फैला रहा है। वही मोहम्मद अहमद पेंटर ने कहा अंतरिम जमानत पर प्रचार प्रसार करके अरविंद केजरीवाल पार्टी के प्रत्याशियों को जिताने के लिए दिन रात कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस पार्टी के शाकिर अली ने कहा वह पार्टी की नीतियों से सहमत होते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण करके पार्टी की नीतियों का आम जनमानस तक प्रचार प्रसार करेंगे । इस मौके पर शकील अहमद, सुभाष माली, नूर अली, बुंदू खां, शकील अहमद, अनीश हाफिज, रईस अहमद, तस्वीर अहमद ,पंकज राय ,टिंकू, भूरा अहमद, जहूर अली, आलोक राय, हारुन अली ,कय्यूम खां सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**निकाय चुनाव में लहरायेगा...**एक व्यक्ति का कई स्थान पर मतदाता सूची में नाम दर्ज है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए । उन्होंने रामनगर नगर पालिका के सीमांकन मामले में कहा कि यह मामला अभी शासन में चल रहा है तथा इस मामले में जिलाधिकारी द्वारा भी रामनगर पालिका के सीमांकन को लेकर एक प्रस्ताव भेजा गया है। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि रामनगर नगर पालिका का सीमांकन होने के बाद जो नए क्षेत्र शामिल होंगे उन क्षेत्रों का भी चहुमुखी विकास होगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी विरोधी गतिविधि करने वाले कार्यकर्ताओं के खिलाफ संगठन द्वारा पहले भी कार्रवाई की गई है और यदि इस बार भी निकाय चुनाव में इस प्रकार की कोई पुर्नवृत्ति हुई तो निश्चित तौर पर कार्रवाई की जाएगी।

**नीरज के दबाव में ...**विषय मे पूछा तो उसने कुछ नही बताया और दस हजार रुपये लेकर ट्रांजिट कैम्प आ गयी। रुपये अपने खाते मे आनलाईन ट्रांसफर करवाये । पुत्री काफी परेशान दिख रही थी। हमने पुत्री से काफी पूछने का प्रयास किया किन्तु उसके द्वारा कुछ नही बताया गया। 6 मई को थाने से सूचना मिली कि पुत्री प्रिया आर्या ने कमरे में फांसी लगा ली है । 7 मई को पुलिस वालो के साथ मिलकर प्रिया आर्या का सामान लेने कमरे मे गया तो एक सुसाइड नोट वहां बेड के बिस्तर के नीचे मिला जिसमे एक लडके नीरज कुमार का नाम लिखा था। उसमे यह भी लिखा था कि पुत्री प्रिया ने नीरज कुमार के दबाब मे आकर आत्महत्या की है ।

**टैंपो की टक्कर...**मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसने निजी अस्पताल लाया गया जहां उसकी मौत हो गई। पीड़ित ने दुर्घटना के आरोपी टैंपो संख्या यूके04 टीए-9330 के चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# चोरों ने शिक्षा के मंदिर से चुराया सामान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देते हुए शिक्षा के मंदिर का ताला तोड़ वहां से सामान चोरी कर लिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में राजकीय प्राथमिक विद्यालय दानपुर की प्रधानाचार्या मन्जु अग्रवाल ने कहा है कि 9 मई को शाम करीब 8बजे विद्यालय परिसर मे स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय की अध्यापिका श्रीमती तसनीम जैदी ने उसे फोन द्वारा सूचना दी कि भोजनमाता श्रीमती सुमन ने बताया राजकीय प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक कार्यालय का ताला टूटा हुआ है। सूचना पाकर अध्यापिका जैदी विद्यालय में पहुंची। जहां देखा कार्यालय का ताला टूटा पडा था तथा सामान बिखरा हुआ था । कार्यालय में यूपीएस, विद्यालय प्रबन्धन समिति की पासबुक आदि सामान चोरी हो गया था। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दुकान से नगदी व सामान चुराया

हल्द्वानी। चोरों ने कुसुमखेड़ा स्थित एक दुकान का ताला तोड़ कर दुकान में रखी नगदी और अन्य सामान चुरा लिया। दुकान स्वामी ने कार्रवाई की मांग की है। आरके टैंट हाउस रोड देवी मंदिर मुखानी निवासी जनक सिंह रावत पुत्र स्व. दीवान सिंह रावत ने पुलिस में दी तहरीर में कहा है कि उसकी आरके टैंट हाउस रोड में रावत जनरल स्टोर के नाम से दुकान है। वह बीती 9 मई की रात को दुकान बंद कर घर चला गया। जब वह अगले दिन दुकान में पहुंचा तो दुकान का ताला टूटा हुआ था। जब वह अंदर पहुंचा तो गल्ले में रखी 800 रूपए की नगदी, बैंक की पासबुक और पेनकार्ड चोरी कर लिया गया। पीड़ित ने कार्रवाई की मांग की है।

# शिक्षक की मौत के मामले जांच की गुहार

हल्द्वानी। बीती 22 अप्रैल को सड़के हादसे में शिक्षक की मौत के मामले में मृतक के भाई ने हत्या की आशंका जताते हुए मामले की जांच करने की मांग की है। हिम्मतपुर मल्ला ऊंचापुल निवासी जितेंद्र सिंह दिगारी पुत्र स्वर्गीय नारायण सिंह दिगारी पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसका भाई शमशेर सिंह दिगारी राजकीय प्राथमिक पाठशाला पुटपुरी में शिक्षक था और 15 वर्षो से गाड़ी से ही हल्द्वानी से पुटपुरी अप डाउन करता था। बीती 22 अप्रैल को सडत्रक हादसे में उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई को आशंका है कि जिस तरह से शमशेर सिंह की मौत हुई है उससे प्रतीत होता है कि उस दौरान उसके भाई के साथ कोई और भी था। उन्होंने पूरे मामले की जांच करने की मांग की है।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# किच्छा सीट ओबीसी होने पर दावेदारों की लम्बी कतार

-कैलाश पंडित-

किच्छा। स्थानीय निकाय चुनाव की सुगबुगाहट के बीच नगर पालिका किच्छा की सीट पर आरक्षण को लेकर चल रही माथा पच्ची के बीच ओबीसी सीट पर दावा करने वाले भाजपा प्रत्याशियों की लंबी कतार लग गई है। ओबीसी सीट होने पर भारतीय जनता पार्टी से अध्यक्ष पद की दावेदारी करने वालों ने अब अपनी-अपनी गोटियां बिछाना शुरू कर दी है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पूर्व में अध्यक्ष पद पर कब्जा जमा चुकी अंजु जयसवाल के पति धर्मराज जायसवाल के अलावा पिछड़ा वर्ग में पैठ रखने वाले महेंद्र पाल, मूलचंद राठौर ने भी प्रबल रूप में ओबीसी कैटिगरी में सीट जाने पर अध्यक्ष पद हेतु दमदार तरीके से अपना दावा ठोकने का अभियान धीरे-धीरे प्रारंभ कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता महेंद्र पाल का कहना है कि ओबीसी सीट के अलावा यदि सामान्य सीट भी आएगी तो वह अपना दावा पुख्ता तरीके से पेश करेंगे और नगर पालिका अध्यक्ष की सीट पर भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराएंगे जबकि मूलचंद राठौर का दावा है कि वह ओबीसी सीट होने पर पार्टी द्वारा प्रत्याशी बनाए जाने पर निश्चित तौर पर नगर पालिका अध्यक्ष पद पर आसीन होकर भाजपा का परचम लहराएंगे उन्होंने यह भी दावा किया कि उनकी पकड़ ओबीसी



मतदाताओं में पूर्ण रूप से बनी हुई है तथा सामान्य वर्ग का उन्हें पूर्ण रूप से समर्थन प्राप्त है जिससे वह निश्चित तौर पर किच्छा नगर पालिका अध्यक्ष की कुर्सी पर भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराने में सक्षम है। उधर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता धर्मराज जायसवाल ने दावा किया है कि महिला हो या पुरुष दोनों ही स्थिति में पिछड़ी सीट होने पर उनका दावा सबसे प्रबल है क्योंकि पूर्व में भी उनकी पत्नी श्रीमती अंजू जायसवाल द्वारा नगर पालिका परिषद की इच्छा के अध्यक्ष पद पर विजय हासिल कर भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराया गया है साथ ही उनके कार्यकाल में नगर पालिका का सर्वांगीण विकास किया गया तथा सड़क नाली खड़ंजे जल निकासी सहित तमाम समस्याओं का निराकरण किया गया। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग में सीट होने पर हुए दोनों ही स्थिति में अपना दावा पेश करेंगे और यदि पार्टी द्वारा उन्हें या उनकी पत्नी को प्रत्याशी बनाया जाता है तो निश्चित तौर पर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष पद पर भारतीय जनता पार्टी का परचम उनके द्वारा निश्चित तौर पर लहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद किसी महिला पिछड़ा वर्ग में अथवा पुरुष वर्ग में जाने की स्थिति में दोनों पर ही उनकी दावेदारी पुख्ता बनी हुई है। वैसे भाजपा में प्रत्येक कार्यकर्ता को अपना दावा पेश करने का अधिकार है जिस पर पार्टी का निर्णय सर्वमान्य रहता है तथा पार्टी द्वारा घोषित प्रत्याशी को तन मन धन से चुनाव लड़ाया जाता है हालांकि अभी यह दावेदारों के अपने-अपने दावे हैं किंतु अभी तक शासन स्तर से आरक्षण की कोई भी घोषणा नहीं की गई है जबकि शासन स्तर पर आरक्षण की कार्यवाही चल रही है। यह देखना अभी बाकी है कि शासन द्वारा आरक्षण के संबंध में क्या निर्णय लिया जाता है जो कि अभी भविष्य के गर्त में है। बहरहाल निकाय चुनाव के लिए प्रत्याशियों के दावे आना शुरू हो चुके हैं।

# टीकारण और प्रशिक्षण कर हज यात्रियों को किया रवाना

सितारगंज (उद संवाददाता)। हज कमेटी की तरफ से हज यात्रियों का टीकाकरण, स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। हज यात्रियों को हज के अरकान विस्तार पूर्वक बताए गए। 18 मई को हज यात्रियों की पहली फ्लाइट रवाना होनी है। नगर के जोया पैलेस मैरिज हाल में हज कमेटी अध्यक्ष खतीब अहमद ने निर्धारित तिथि के अंतर्गत हज यात्रियों का टीकाकरण, प्रशिक्षण कैंप का आयोजन कराया था। जिसमें रुद्रपुर किच्छा सितारगंज नानकमत्ता खटीमा और जिला चंपावत से 91 हज यात्री पहुंचे थे। उप जिला चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अभिलाष पांडे, डॉक्टर इरफान अली, चांद मियां, तौफीक, नंदलाल, नवल किशोर की टीम ने समस्त यात्रियों का टीकाकरण किया। जामा मस्जिद के इमाम



कासिम मिस्बाही ने कार्यक्रम में पहुंचकर हज यात्रियों को हज के समस्त अरकान विस्तार पूर्वक बताए। हज कमेटी के अध्यक्ष खतीब अहमद, हज अधिकारी मोहम्मद अहसान ने समस्त हज यात्रियों को हज गाइड भी प्रदान की। जिसमें में जिसमें मुबारक सफर हज यात्रा से जुड़ी जानकारी उपलब्ध है। इस बार राज्य से हज यात्रा के लिए 1064 लोग जा रहे हैं। इस दौरान हज समिति की तरफ से सहायक अब्दुल कादिर, मोहम्मद इजहार, अब्दुल शाहिद, अनुसेवक गुलशन अली आदि ने हज यात्रा से संबंधित यात्रियों के आवश्यक कार्य को मौके पर ही पूर्ण किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान रईसउद्दीन अंसारी, मोइनुद्दीन खान, सरफराज राजू, हामिद मलिक, मुशीर लारी, बाबू अली, आजम मलिक, इफ्तेखार हुसैन, जाहिद मलिक, शाहनवाज हुसैन, जावेद खान, शाकिर अली आदि थे।

# बुजुर्ग महिला के पेट से निकला 16 किलो का ट्यूमर

**मेडिकल कालेज रूद्रपुर में हुआ हाई रिस्क ऑपरेशन**
**ऑपरेशन के बाद मात्र 18 किलो रह गया महिला का वजन**

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। मेडिकल कालेज में ऑपरेशन के बाद एक बुजुर्ग महिला के पेट से 16 किलो का ट्यूमर निकाला गया है। महिला फिल्हाल आईसीयू में भर्ती है, उसके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। किच्छा क्षेत्र की रहने वाली 72 साल की महिला के पेट में अकसर दर्द रहता था। दर्द की शिकायत बढ़ने पर महिला को राजकीय मेडिकल कॉलेज लाया गया। महिला के पेट में सूजन के साथ तेज दर्द हो रहा था और सांस लेने में भी तकलीफ हो रही थी। उनकी छाती की पसलियां भी बाहर निकलने लगी थीं। उनकी जांच कराई तो ओवेरियन (अंडाशय) ट्यूमर की पुष्टि हुई। इसके बाद उनका ऑपरेशन करने का फैसला किया गया। लगभग डेढ़ घंटे तक वरिष्ठ सर्जन डॉ. शाही ने अपनी टीम के सदस्य सर्जन डॉ. विवेक राजदेव, डॉ. गगन मिश्रा, एनेस्थेटिस्ट डॉ. यदुराज भट्ट, डॉ. नागेंद्र चौधरी, नर्सिंग अधिकारी चंदन



कैरोला, रविंद्र शर्मा आदि के साथ मिलकर ऑपरेशन किया। ऑपरेशन में महिला के पेट से करीब 16 किलो का ट्यूमर निकाला गया। ऑपरेशन से पहले महिला का वजन 34 किलो था, शुक्रवार को 16 किलो का ट्यूमर निकालने के बाद महिला का वजन मात्र 18 किलो रह गया। चिकित्सकों ने बताया कि महिला काफी हाईरिस्क मरीज थीं और आसपास के चिकित्सकों ने ऑपरेशन से इन्कार कर दिया था। ऑपरेशन के बाद महिला की हालत में सुधार है। हालांकि पूरी तरह से स्वस्थ नहीं होने की वजह से उन्हें आभी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती किया है।

# जहर उगल रही है कात्यानी पेपर मिल,नहीं हो रही है कार्यवाही

काशीपुर(उद संवाददाता)। जसपुर रोड पर गांव कुदैयावाला में नियम कायदों को ताक पर रखकर चल रही कात्यानी पेपर मिल प्राइवेट लिमिटेड क्षेत्र वासियों के लिए नासूर बन चुकी है। इस मामले में पूर्व में आसपास के ग्रामीणों द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को लिखित शिकायत करने के बावजूद अब तक पेपर मिल के खिलाफ कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो सकी वहीं दूसरी ओर समाचार पत्रों में भी प्रमुखता से खबर प्रकाशित किए जाने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे हैं। जानकारी के मुताबिक कात्यानी पेपर मिल द्वारा समीप स्थित एक नहर में पिछले कुछ समय से विषैला पानी छोड़ा जा रहा है। आसपास के किस इसी नहर से अधिकांश खेतों की सिंचाई करते हैं। जानकार बताते हैं कि पेपर मिल द्वारा विषैला पानी छोड़ जाने के कारण जलीय जीव जंतुओं की बड़े पैमाने पर मौत हो रही है तो वहीं दूसरी ओर फसलों की बर्बादी को लेकर किसानों के समक्ष संकट खड़ा हो गया है। इस पेपर मिल में सरकार द्वारा दिए गए मानकों के इतर ऊंची चिमनियों से निकलने वाले गाढे एवं जहरीले धुएं के कारण पर्यावरण पर इसका तेजी से प्रभाव पड़ रहा है। पेड़ पौधे काले पड़ते जा रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि पेपर मिल के



स्वामी की सरकार तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों में मजबूत पकड़ होने के कारण कोई सार्थक कार्यवाही नहीं हो पाती। अभी पूर्व में आसपास के ग्रामीणों ने लिखित शिकायत किया था कि इस पेपर मिल के बॉयलर में पन्नियां जलाई जा रही है। जांच में शिकायत सही पाई गई इसके बाद कुछ दिन तक सब कुछ ठीक रहा लेकिन वापस पेपर मिल पुराने ढर्रे पर आ चुकी है। उधर पेपर मिलकर जानकारी सूत्रों ने नाम न छापने की शर्त पर यह भी बताया कि अंदर सब कुछ गोलमाल है। ड्यूटी के वक्त कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण नहीं उपलब्ध कराए जाते।

